# सिटी चीफ

वर्ष–15, अंक–158
पृष्ठ–8 मूल्य 2 रूपया

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

इंदौर, गुरुवार 12 सितम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार


**आज का विचार**

दया वह भाषा है जिसे बहरे सुन सकते हैं और अंधे देख सकते हैं



## एमएसपी पर रात को आया प्रस्ताव...सुबह मंजूर

मप्र में 'सोयाबीन' पर तेज रफ्तार फैसला, एमएसपी पर होगी खरीदी



भोपाल। मध्यप्रदेश में विपक्षी कांग्रेस की 'किसान न्याय यात्रा' शुरू किए जाने के साथ ही केंद्र सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सोयाबीन की फसल खरीदने को मंजूरी दे दी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह जानकारी दी। मोहन यादव कैबिनेट ने मंगलवार को ही मंजूरी के लिए प्रस्ताव केंद्र के पास भेजा था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता कृषि एवं किसान कल्याण है। पिछले दिनों मध्यप्रदेश के किसान चिंतित थे कि सोयाबीन एमएसपी के नीचे बिक रहा था। मंगलवार रात को ही मध्यप्रदेश सरकार का एमएसपी पर सोयाबीन की खरीदी का प्रस्ताव हमारे पास आया। उस प्रस्ताव को हमने स्वीकृति दे दी है। मध्यप्रदेश के किसान चिंता न करें। सोयाबीन एमएसपी की जो दरें हैं उस पर खरीदा जाएगा। किसान के पसीने की पूरी कीमत दी जाएगी। इससे पहले, शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि केंद्र ने महाराष्ट्र समेत तीन राज्यों के सोयाबीन एमएसपी पर प्रस्तावों को पहले ही मंजूरी दे दी है और मध्यप्रदेश के प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। चौहान ने कहा कि केंद्र एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और कर्नाटक समेत तीन राज्यों ने एमएसपी पर सोयाबीन खरीदने की मांग की थी और उन्हें केंद्र की मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अनुमति दी गई थी।

**मध्यप्रदेश सरकार के संपर्क में है केंद्र** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बताया था कि हम मध्यप्रदेश सरकार के संपर्क में हैं। दो योजनाएं हैं जिनके तहत राज्य सरकार सोयाबीन खरीद सकती है। हम तुरंत अनुमति देंगे। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम ने जोर देकर कहा कि किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य दिलाना मोदी सरकार की प्राथमिकता है। वहीं, एमपी कैबिनेट की बैठक के बाद शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा था कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोयाबीन के एमएसपी को बढ़ाकर 4,800 रुपये प्रति क्विंटल करने का प्रस्ताव रखा और मंत्रिमंडल ने इसे मंजूरी दे दी। हालांकि, बाद में राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि सोयाबीन का एमएसपी 4,892 रुपये प्रति क्विंटल होगा।

## मध्यप्रदेश में महिला सिपाही ने दोस्त के साथ मिलकर सब इंस्पेक्टर को कार से कुचलकर 30 मीटर तक घसीटा

# पुराना प्यार वापस मिला तो नए को दी मौत

राजगढ़। मध्यप्रदेश के राजगढ़ में महिला सिपाही ने अपने साथी के साथ मिलकर सब इंस्पेक्टर की कार से कुचलकर हत्या कर दी। कार से कुचलने के बाद उसे 30 मीटर तक घसीटकर ले गए। घटना की जानकारी लगते ही एसपी आदित्य मिश्रा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलोक शर्मा मौके पर पहुंचे। इस दौरान घायल एसआई को मौके पर मौजूद दुकानदारों की सहायता से सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से उन्हें भोपाल रेफर कर दिया गया। इस दौरान रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। साथी पुलिसकर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भोपाल के चिरायु अस्पताल में पहुंचाया। बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन में पदस्थ सब इंस्पेक्टर दीपांकर गौतम अपनी बाइक से ब्यावरा-देवास हाईवे पर स्थित देहात थाने की ओर जा रहे थे। इस दौरान फुंदा मार्केट में पेट्रोल पंप के सामने से आ रही पचोर थाने में पदस्थ महिला आरक्षक पल्लवी सोलंकी की कार ने उन्हें टक्कर मारी और घसीटते हुए ले गई। कार में महिला सिपाही का एक साथी करण ठाकुर भी मौजूद था। वारदात को अंजाम देने के बाद महिला सिपाही और उसका साथी देहात थाना पहुंचे और अपने आप को पुलिस के हवाले कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पूछताछ के दौरान महिला सिपाही ने यह स्वीकार किया है कि एसआई को उसने मारा है। आरोपी महिला कॉन्स्टेबल और उसका दोस्त करण ठाकुर पुलिस हिरासत में हैं। बुधवार सुबह देहात थाना प्रभारी गोविंद मीणा ने कहा कि दोनों आरोपियों ने एसआई की हत्या करने का आरोप स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि एसआई हमारे प्यार के बीच आ रहा था। फिलहाल, मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।



दीपांकर गौतम, मृतक | पल्लवी सोलंकी, आरोपी

### यह बताया प्रत्यक्षदर्शियों ने

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एसआई उछलकर कार के बोनट और आगे के कांच पर लुढ़कते हुए सड़क पर आ गिरे। इसके बाद कार एसआई को करीब 30 मीटर तक घसीट ले गई। उनके सिर, बाएं पैर के घुटने और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें लगीं। दीपांकर 2012 में एसआई के पद पर भर्ती हुए थे। इससे पहले उन्हें वर्ग तीन में शिक्षक की नियुक्ति मिली थी, लेकिन उन्होंने ज्वॉइन नहीं किया था। इसके बाद सीआईएसएफ में आरक्षक के पद पर भर्ती हुए, लेकिन बीच में ही ट्रेनिंग छोड़कर लौट आए थे। दीपांकर गौतम सिटी थाने में पदस्थ थे। दीपांकर के बड़े भाई अशोक गौतम इंदौर में जीएसटी कमिश्नर के पद पर हैं। मंझले भाई संजय गौतम करैरा में ही रहते हैं। बहन अल्पना गौतम शिक्षक हैं।

### बारीकी से की जा रही जांच

हमें सूचना मिली थी कि एसआई दीपांकर गौतम को तेज रफ्तार का ने टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान भोपाल में मौत हो गई। इसके बाद मामला संदिग्ध लगने के बाद कार में मौजूद पचोर थाने में पदस्थ महिला आरक्षक और उसके साथी से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में बारीकी से जांच की जा रही है।

–आलोक कुमार शर्मा, एडिशनल एसपी, राजगढ़

### मिलने के लिए बुलाया और मार दी टक्कर

जानकारी के अनुसार महिला सिपाही पल्लवी और करण के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। कुछ दिन पहले आपसी झगड़े के चलते दोनों अलग हो गए थे। इस दौरान दीपांकर से पल्लवी की दोस्ती हो गई। जब करण को इसकी जानकारी लगी तो वह वापस पल्लवी के पास पहुंच गया। दोनों में समझौता हो गया। उसके बाद दोनों ने एसआई दीपांकर को रास्ते से हटाने की तरकीब सोची। मंगलवार को पल्लवी ने दीपांकर को मिलने बुलाया और कार से टक्कर मार दी। एसडीओपी कार्यालय में महिला आरक्षक से मामले में पूछताछ की गई। पुलिस अधिकारी इस पूरे मामले में खुलकर जानकारी देने से बचते नजर आ रहे हैं।

### एसआई ने अपने एसआई दोस्त सुभाष को किया था फोन

सूत्रों के अनुसार, पल्लवी और करण के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है। कुछ दिन पहले आपसी झगड़े में करण ने पल्लवी को गोली मार दी थी। यह गले के पास से लगकर निकल गई थी। उसने खुद को भी गोली मारी थी, लेकिन वह भी बच गया था। कुछ समय तक दोनों अलग रहे, फिर साथ हो गए। इसी बीच पल्लवी की दीपांकर से दोस्ती गहरा गई। दोनों ने दीपांकर को मिलने बुलाया। दीपांकर को अंदेशा था इसलिए उन्होंने अपने एसआई दोस्त सुभाष को भी फोन कर दिया। कहा था– ये दोनों मुझे मार देंगे। साथी एसआई पहुंचे लेकिन तब तक पल्लवी और करण ने बाइक को टक्कर मार दी थी।

## किशोर ने रातभर फ्री फायर गेम खेला सुबह तीसरी मंजिल से लगा दी छलांग

**मुरैना।** मुरैना जिले से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां एक किशोर को मोबाइल फोन में फ्री फायर गेम खेलना अपनी जान देकर चुकाना पड़ा। नाबालिग ने तीसरी मंजिल से कूदकर जान दे दी। इस मामले में हैरान करने वाली बात यह है कि लड़के ने दो दिन पहले अपनी मां से सवाल किया था कि मां, अगर मैं तीसरी मंजिल से गिर जाऊं तो क्या होगा वहां से कूदने पर कितनी चोट लगती है। पुलिस ने बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के ग्राम अतरसुमा में स्थित प्रधानमंत्री आवास की बनी तीन मंजिल मल्टी निवासी आदित्य (17) को मोबाइल में फ्री फायर गेम खेलने की लत थी और मंगलवार को भी वह गेम खेल रहा था। उसने उसी तीन मंजिल मल्टी से छलांग लगा दी। जब बुधवार सुबह पड़ोसियों ने आदित्य के पिता को सूचना दी की बेटा खून से लथपथ अवस्था में पड़ा हुआ है। उसे परिजन तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने उसे ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार आदित्य के पिता बेंगलुरु में टाइल्स लगाने का काम करते हैं, आदित्य भी वहां एक मिठाई की दुकान पर काम करता था और वह पिछली 27 अगस्त को ही यहां आया हुआ था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच में लिया है।

## धर्मांतरण कराने वाले 12 दोषियों को उम्रकैद, चार को 10-10 साल की सजा

लखनऊ। उत्तरप्रदेश में अवैध धर्मांतरण मामले में लखनऊ के एनआईए-एटीएस कोर्ट ने बुधवार को 12 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। 4 दोषियों को 10-10 साल की सजा दी गई। कोर्ट के फैसला सुनाते वक्त सभी दोषी कोर्ट में मौजूद थे। अवैध धर्मांतरण मामले में यह पहला केस है, जिसमें एक साथ 16 लोगों को सजा दी गई। मंगलवार को एनआईए-एटीएस कोर्ट के स्पेशल जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने सभी को दोषी को करार दिया था। कोर्ट ने 10 सितंबर को सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।



एटीएस ने बताया कि ये लोग नौकरी समेत कई तरह का प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराते थे। फतेहपुर का मोहम्मद उमर गौतम गिरोह का सरगना है, वह खुद हिंदू से मुसलमान बना था। फिर उसने करीब एक हजार लोगों का अवैध तरीके से धर्मांतरण कराया। सरकारी वकील एमके सिंह ने बताया कि अवैध धर्मांतरण मामले में कुल 17 आरोपी थे। एक आरोपी इदरीश कुरैशी को हाईकोर्ट से स्टे मिल गया। कोर्ट ने मोहम्मद उमर गौतम, सलाहुद्दीन जैनुद्दीन शेख, मुफ्ती काजी जहांगीर कासमी, इरफान शेख उर्फ इरफान खान, भुप्रियबंदों मानकर उर्फ अरसलान मुस्तफा, प्रसाद रामेश्वर कांवरे, कौशर आलम, डॉक्टर फराज शाह, मौलाना कलीम सिद्दीकी, धीरज गोविंद, सरफराज अली जाफरी, अब्दुल्ला उमर को उम्रकैद की सजा सुनाई है। चार दोषियों मन्नू यादव उर्फ अब्दुल, राहुल भोला उर्फ राहुल अहमद, मो. सलीम, कुणाल अशोक चौधरी उर्फ आतिफ को 10-10 साल की सजा दी गई है।

## मोदी की रैली के दौरान ब्लास्ट करने वाले चार दोषियों अब मौत की सजा नहीं होगी

नई दिल्ली। 2013 में हुए पटना के गांधी मैदान बम धमाका श्रृंखला में पटना हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। पटना हाईकोर्ट ने चार दोषियों की मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया। दोषियों में से चार- हैदर अली, मोजिबुल्लाह, नोमान और इम्तियाज को पहले सिविल कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने उनकी मौत की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। उमर और अजहरुद्दीन की उम्रकैद की सजा देने के निचली अदालत के फैसले को हाईकोर्ट ने बरकरार रखा। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2014 की राजनीतिक तैयारियां 2013 में ही तेज हो गई थीं। प्रधानमंत्री पद पर भाजपा की ओर से लाए गए चेहरे, नरेंद्र मोदी पटना में 27 अक्टूबर 2013 को हुंकार रैली कर रहे थे। इस दिन की शुरुआत धमाके से हुई। सुबह पटना जंक्शन पर धमाका हुआ। तत्कालीन एसएसपी मनु महाराज के नेतृत्व में पुलिस टीम का ध्यान उधर गया और इधर एक घंटे के दरम्यान छह धमाकों से गांधी मैदान गूंजता रहा। धमाकों में छह की मौत हुई थी। इस केस में 27 अक्टूबर 2021 को नौ अपराधियों को सजा सुनाई गई थी। एनआईए की विशेष अदालत ने आतंकियों नोमान अंसारी, हैदर अली उर्फ ब्लैक ब्यूटी उर्फ अब्दुल्लाह, इम्तियाज अंसारी उर्फ आलम और मो. मोजिबुल्लाह अंसारी को फांसी की सजा सुनाई थी। दो आतंकियों उमर सिद्दीकी और अजहरुद्दीन को उम्रकैद दी गई थी।

## दुनिया के शीर्ष 25 हवाई अड्डों में भारत से सिर्फ एक दिल्ली एयरपोर्ट

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय विमानन विश्लेषण फर्म ओएजी के अनुसार, दिल्ली का इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा वैश्विक 'मेगाहब' हवाई अड्डों की नवीनतम रैंकिंग में 24वें स्थान पर पहुंच गया है। यह पिछली बार इस रैंकिंग 25वें स्थान पर था। यह हवाई अड्डों रैंकिंग है जहां से सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालित होते हैं। इस रैंकिंग के अनुसार शीर्ष 50 में दिल्ली के बाद मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा शामिल है। हालांकि, मुंबई का हवाई अड्डा पिछले वर्ष की तुलना में 10 स्थान नीचे खिसक कर 44वें स्थान पर आ गया है। हालांकि, दिल्ली और मुंबई दोनों हवाई अड्डे कम लागत वाली एयरलाइन (एलसीसी) संचालन के लिए मेगाहब हवाई अड्डों की ओएजी की रैंकिंग में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस मामले में इंडिगो की सेवाओं की बदौलत दिल्ली हवाई अड्डा पिछले साल के छठे स्थान से चढ़कर 5वें स्थान पर पहुंच गया, जबकि मुंबई हवाई अड्डा 11वें स्थान पर बना हुआ है। विश्व स्तर पर शीर्ष पांच मेगाहब हवाई अड्डों में लंदन के हीथ्रो, कुआलालंपुर के इंटरनेशनल, टोक्यो के हानेडा, एम्स्टर्डम के शिफोल और सियोल के इंचियोन हवाई अड्डे का नाम शामिल हैं। एलसीसी मेगाहब श्रेणी में कुआलालंपुर इंटरनेशनल हवाई अड्डा सबसे आगे है, इसके बाद मनीला के निनॉय एक्विनो इंटरनेशनल, इंचियोन और सिंगापुर के चांगी एयरपोर्ट का स्थान है। ओएजी डेटा के अनुसार, इंडिगो दिल्ली एयरपोर्ट पर 39 प्रतिशत और मुंबई एयरपोर्ट पर 41 प्रतिशत उड़ानें संचालित करता है।

## इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन एनजीओ की रिपोर्ट फास्ट ट्रैकिंग जस्टिस, 94% केस निपटे

# फास्ट ट्रैक कोर्ट में जल्दी मिल रहा यौन अपराध से जुड़े मामलों में न्याय

नई दिल्ली। यौन शोषण से जुड़े अपराधों में तेजी से न्याय दिलाने के लिए शुरू किए गए फास्ट ट्रैक कोर्ट पीड़ितों की बड़ी मदद कर रहे हैं। यहां पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक फास्ट ट्रैक कोर्ट में 2022 में जहां 83 फीसदी और 2023 में 94 फीसदी मामलों का निपटारा किया गया। वहीं अन्य भारतीय अदालतें यौन शोषण से जुड़े अपराध के महज 10 फीसदी मामलों का निपटारा कर सकीं। इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन एनजीओ की रिपोर्ट फास्ट ट्रैकिंग जस्टिस- केस बैकलॉग को कम करने में फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों की भूमिका में फास्ट ट्रैक कोर्ट की कार्रवाई का जिक्र किया गया है। रिपोर्ट में फास्ट ट्रैक कोर्ट के सकारात्मक प्रभाव को दिखाया गया है। साथ ही न्यायिक प्रणाली की चुनौती भी दिखाई गई है।



### हर तीन मिनट में एक मामले को हल करना होगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में दुष्कर्म और पॉक्सो के 81,471 नए मामले दर्ज किए गए। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने इनमें से 76,319 मामलों का निपटारा किया। जबकि फास्ट ट्रैक कोर्ट से विपरीत देश की अन्य अदालतों में दुष्कर्म और पॉक्सो के महज 10 फीसदी मामले ही निपटाए जा सके। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया कि बैकलॉग को खत्म करने के लिए अदालतों को हर तीन मिनट में एक मामले को हल करना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ और ज्यादा फास्ट ट्रैक कोर्ट नहीं शुरू किए गए तो बैकलॉग से उबरना संभव नहीं होगा। रिपोर्ट में सरकार से शेष फास्ट ट्रैक कोर्ट को क्रियाशील बनाने और बैकलॉग को दूर करने के लिए 1,000 अतिरिक्त अदालतों की स्थापना की मांग की गई। कहा गया कि निर्भया फंड में प्रयोग नहीं हो सके 1700 करोड़ रुपये दो वर्ष तक नई अदालतों को चला सकते हैं।

### पश्चिम बंगाल में कम निपटे मामले

रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2024 तक देश में 1023 निर्धारित अदालतों में से 410 विशिष्ट पॉक्सो अदालतों सहित कुल 755 फास्ट ट्रैक कोर्ट कार्यरत हैं। 2019 में फास्ट ट्रैक कोर्ट शुरू होने के बाद से दुष्कर्म और पॉक्सो के 4,16,638 मामले दर्ज किए गए। इनमें से कुल 2,14,463 यानि 52 प्रतिशत मामलों का निपटारा किया गया। महाराष्ट्र में 80 प्रतिशत और पंजाब 71 प्रतिशत समेत सबसे ज्यादा मामले निपटाए गए। जबकि पश्चिम बंगाल में सबसे कम 2 प्रतिशत मामलों का निपटारा हो सका। रिपोर्ट में बताया गया कि पश्चिम बंगाल में लक्ष्य के 123 फास्ट ट्रैक कोर्ट में से केवल तीन कोर्ट ही काम कर रही हैं। इसलिए यहां मामलों को निपटाने की दर कम रही।

## जामगेट घूमने गए थे, बदमाशों ने बंधक बनाकर की वारदात

# सैन्य अफसरों को लूटा और महिला मित्र से किया गैंग रेप

**सिटी चीफ इंदौर**

इंदौर। इंदौर के पास महू के बड़गोंदा थाना क्षेत्र के जाम गेट क्षेत्र के छोटा जाम फिल्ड फायरिंग रेंज के समीप देर रात घूमने गए आर्मी के दो ट्रेनी अधिकारियों के साथ बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया और महिला मित्र के साथ गैंगरेप किया। बदमाशों ने इन्हें मारपीट कर बंधक बनाकर दस लाख रुपए की मांग की। आर्मी अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। घटना मंगलवार देर रात की बदगोंदा थाना क्षेत्र के जाम गेट को बताई जा रही है। जहां सेना के दो ट्रेनी अफसर अपनी-अपनी महिला मित्र के साथ घूमने गए थे। तभी छह से ज्यादा बदमाश आर्मी अधिकारियों की कार के पास पहुंचे। वहां मारपीट करने के साथ उन्हें बंधक बना लिया और जो भी समान उनके पास था लूट लिया व महिला मित्र को बंधक बनाकर एक ट्रेनी अधिकारी को दस लाख लाने के लिए छोड़ा जिन्होंने मोबाइल टॉवर लोकेशन में आकर पुलिस को सूचना दी। इस बीच बदमाशों ने महिला मित्र के साथ गैंगरेप किया।

डीआईजी निमिष अग्रवाल ने गैंग रेप की पुष्टि की है। उन्होंने कुछ संदिग्धों को चिह्नित करने की बात भी कही है। चारों पीड़ितों का महू के आर्मी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। घटना मंगलवार रात ढाई से तीन बजे की है। दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।





पिस्टल, चाकू और डंडे लेकर आए बदमाशों ने किया घेराव आईजी (ग्रामीण) अनुराग के मुताबिक, घटना मंगलवार रात करीब ढाई बजे की है। लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक के दो अफसर महू आर्मी कालेज में प्रशिक्षण लेने के लिए आए हुए हैं। मंगलवार रात दोनों अफसरों ने किराये पर कार मंगवाई और दो महिला मित्रों के साथ जाम गेट की ओर घूमने चले गए। कार छोटी जाम के समीप फायरिंग रेंज में खड़ी की और आपस में बातचीत करने लगे। इसी दौरान अचानक पिस्टल, चाकू और डंडे लेकर आए बदमाशों ने कार को चारों तरफ से घेर लिया। सैन्य अफसरों और युवतियों के साथ मारपीट कर रुपए, पर्स लूट लिए।

**कमांडिंग अफसर को बताई घटना**

बदमाशों ने एक अफसर व एक युवती को बंधक बना लिया और बाकी एक युवती व अफसर को यह कहकर रुपए लेने के लिए भेज दिया कि जब तक 10 लाख रुपए नहीं लाआगे, इन्हें नहीं छोड़ा जाएगा। घबराया अफसर यूनिट पहुंचा और कमांडिंग अफसर को घटना बताई। सैन्य अफसरों ने तुरंत डायल-100 को सूचना दी और पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। उनकी गाड़ियां देखकर बदमाश मौके से फरार हो गए। बदमाशों ने युवती और 23 वर्षीय लेफ्टिनेंट कर्नल को अलग-अलग रखा था।

**डकैती, मारपीट, फिरौती और सामूहिक दुष्कर्म का केस**

डीआइजी (ग्रामीण) निमिष अग्रवाल के मुताबिक, 23 वर्षीय ट्रेनी लेफ्टिनेंट कर्नल की शिकायत पर डकैती, मारपीट, फिरौती और सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों के गिरफ्त से छुड़ाए गए सैन्य अफसर ने पुलिस को बताया कि बदमाश बार-बार रुपयों की मांग कर रहे थे। साथी अफसर के लौटने में देरी होने पर बदमाश युवती को दूर ले गए और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। वह उसके रोने की आवाज सुन रहा था। बदमाशों से छोड़ने की गुहार लगाई तो उसके साथ मारपीट की गई।

**युवती सदमे में, बयान देने की स्थिति में नहीं**

पुलिस की गाड़ियां आते देखकर आरोपियों ने युवती को छोड़ा। घटना से युवती सदमे में है। वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस ने ट्रेनी अफसर के कथन के आधार पर सामूहिक दुष्कर्म की धारा लगाई है। आरोपियों की तलाश में लगातार दबिशें दे रहे हैं। पकड़े गए दो बदमाशों में से एक बदमाश का आपराधिक रिकार्ड भी है।

**पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई**

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया। महू के एसपी और एडिशनल एसपी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए और पीड़ितों से बातचीत की। प्रारंभिक पूछताछ के आधार पर, यह माना जा रहा है कि बदमाशों ने पहले से ही इस इलाके में घात लगाकर हमला करने की योजना बनाई थी।

**जाम गेट क्षेत्र में सुरक्षा का सवाल**

यह घटना जाम गेट क्षेत्र की सुरक्षा पर एक बड़ा सवाल खड़ा करती है, क्योंकि यहां पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। इस इलाके में रात के समय सुरक्षा की कमी को लेकर स्थानीय लोगों में भी चिंता है। पुलिस ने घटना के बाद इलाके में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का आश्वासन दिया है। इस घटना ने स्थानीय लोगों के बीच दहशत फैला दी है और महू में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस इस मामले को जल्द सुलझाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सवाल यह भी खड़ा होता है कि आर्मी ऑफिसर रात को दो बजे सुनसान इलाके में कार में क्या कर रहे थे, पुलिस हर एंगल से पूरे मामले की जांच करने में जुटी हुई है।

# वार्ड 83 में हुए उपचुनाव में 41.32% मतदान, 13 सितंबर को आएगा परिणाम

**सिटी चीफ इंदौर**

इंदौर में नगर निगम के वार्ड क्रमांक 83 के रिक्त पार्षद पद के लिए बुधवार को उप चुनाव कराया गया। क्षेत्र के 21 हजार 731 मतदाताओं में से 8979 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। शाम पांच बजे तक 41.32 प्रतिशत ही मतदान हुआ। अब 13 सितंबर को छह उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। यह उपचुनाव भाजपा पार्षद कमल लड्ढा के निधन के कारण कराया गया। सुबह सात बजे से शुरू हुआ यह मतदान शाम पांच बजे तक चला। मतगणना 13 सितंबर को सुबह 9 बजे से होगी। आम आदमी पार्टी के नेता ने चुनाव से ठीक पहले अपना नाम वापस ले लिया था। भाजपा और कांग्रेस के बीच मुख्य मुकाबला है।

मतदान के लिए कुल 31 मतदान केंद्र बनाए गए थे। वोटिंग कराने के लिए प्रशिक्षित मतदान दल मतदान सामग्री लेकर मंगलवार शाम को ही मतदान केंद्रों पर पहुंच गए थे। सुबह से ही वोटिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई। सभी केंद्रों पर वोटिंग हुई लेकिन बुधवार को अवकाश नहीं होने के कारण वोटिंग बहुत ही धीमी गति से चली।




**मतदान बढ़ाने की अपील, फिर भी कम वोटिंग**

राजनीतिक प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा मतदान बढ़ाने के लिए लगातार अपील की गई थी, इसके बावजूद मतदान कम रहा। सोशल मीडिया के साथ ही गलियों में घूमकर भी कार्यकताओं ने अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जनता से अपील की।

त्योहारी सीजन होने से भी मतदान धीमा रहा और लोग घरों से नहीं निकले।

वार्ड 83 के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विकास जोशी, कांग्रेस के डमी प्रत्याशी (निर्दलीय) संजय मालवीय, भाजपा प्रत्याशी जितेंद्र राठौर और बहुजन समाज पार्टी की प्रत्याशी पूजा साहनी के साथ ही योगेंद्र मौर्य और विनोद सिंह सूर्यवंशी निर्दलीय चुनाव मैदान में है। बता दें, आप पार्टी के पारस जैन ने नामांकन वापस ले लिया था।

**नेहरू स्टेडियम में रखेंगे ईवीएम**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में निर्भीक, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

तीन-तीन सेक्टर ऑफिसर और कायार्पालक मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किए गए। मतदान के पश्चात नेहरू स्टेडियम में ही बने स्ट्रॉन्ग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम मशीनें रखी गईं।

# उषा ठाकुर का दावा- आधे हिंदुस्तान पर वक्फ बोर्ड का कब्जा

**सिटी चीफ इंदौर**

**इंदौर।** वक्फ बोर्ड के मामले में भाजपा की विधायक और पूर्व मंत्री उषा ठाकुर का बयान आया है। उन्होंने कहा है कि देशभक्तों को इस मुद्दे पर डटकर खड़े रहना चाहिए। भाजपा की पूर्व कैबिनेट मंत्री और इंदौर जिले के महू विधानसभा की वर्तमान विधायक उषा ठाकुर ने इंदौर कलेक्ट्रेट ऑफिस में मीडिया से चर्चा करते हुए यह बयान दिया। ठाकुर ने वक्फ बोर्ड पर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया कि आधे हिंदुस्तान पर वक्फ बोर्ड का कब्जा है। उषा ठाकुर ने संसद में वक्फ बोर्ड को लेकर लाए गए संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए कहा कि सभी देश भक्तों को इस मुद्दे पर डट कर खड़ा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत संविधान से चलने वाला देश है और संविधान हमारी आत्मा है। इसके विरुद्ध कोई भी कार्य करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उषा ठाकुर ने वक्फ बोर्ड को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वक्फ संबंधी मौजूदा कानून ऐसा है कि जहां न कोई अपील है और न ही कोई दलील। बिना कानूनी प्रक्रिया के जमीनों पर दावा किया जाता है। उषा ठाकुर के अनुसार, वक्फ बोर्ड बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के किसी भी जमीन पर दावा कर सकता है और इसे अपनी संपत्ति घोषित कर सकता है। उन्होंने कहा कि कई मामलों में बिना प्रमाण या दस्तावेजों के समय के साथ इस तरह के दावे किए गए हैं,



जिससे लोगों की संपत्तियों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा हो चुका है। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि जो भारतीय संविधान के अनुसार प्रमाणित दस्तावेज रखते हैं, उन्हें उनकी संपत्तियों का अधिकार मिलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संविधान का पालन हर नागरिक और संस्था के लिए अनिवार्य है, और किसी भी अकारण दावे को निरस्त किया जाना चाहिए। विधायक उषा ठाकुर इससे पहले कई बार विवादित बयान दे चुकी हैं। वे गरबा पांडालों, भारत पाकिस्तान विवाद और धार्मिक आधार पर आरक्षण के खिलाफ कई बार बयान दे चुकी हैं। उनके बयानों की वजह से वे अक्सर चर्चा में रहती हैं।

# अमानत में खयानत...कंटेनर से कार चुरा कर ले गया ड्राइवर

**सिटी चीफ इंदौर**

इंदौर। इंदौर के तेजाजी नगर में ट्रांसपोर्ट कंपनी के सुपरवाइजर ने ड्राइवर पर अमानत में खयानत का केस दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि दिल्ली से मारुति कंपनी की नई कारों की डिलीवरी मुंबई में होना थी। कंटेनर ड्राइवर इंदौर बाइपास पर अपना मोबाइल बंद कर कंटेनर में से कार लेकर फरार हो गया। पुलिस अब आरोपी ड्राइवर और कार की तलाश कर रही है।

तेजाजी नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली के बरोड रोड कॅरियर प्राइवेट लिमिटेड ट्रांसपोर्ट गुडगांव के सुपरवाइजर घासीराम पुत्र केसर राम निवासी खुबा की ढाणी रंजीत पुरा राजस्थान ने कंपनी के ड्राइवर रिजवान पुत्र अयूब निवासी गावडी जूरहेडा, भरतपुर राजस्थान के खिलाफ केस दर्ज कराया है। रिजवान 6 सितंबर की रात 11 बजे नायता मुंडला बाइपास ब्रिज पर कंटेनर लावारिस हालत में छोड़कर अंदर से स्विफ्ट डिजायर कार लेकर भाग गया। घासीराम ने बताया कि उन्होंने कंटेनर में मानेसर गुडगांव से मारुति कंपनी की 5 कारें लोड की थी। जिनकी डिलीवरी सिमरन मोटर्स मुंबई पर होना थी। 6 सितंबर को उनके ट्रैकिंग मैनेजर ने देखा कि उनका कंटेनर तेजाजी नगर इलाके में सिल्वर स्प्रिंग से रालामंडल के बीच काफी समय से खड़ा है। उसने ड्राइवर के दो नंबरों पर कॉल किया, तो दोनों नंबर बंद आने लगे।




तब इंदौर की कंपनी के ड्राइवर को कॉल कर मौके पर भेजा। जब वह मौके पर पहुंचा तो गाड़ी का लॉक खुला था। उसमें स्विफ्ट कार नहीं थी। वही उसके अंदर खड़ी अन्य चार कारों के दस्तोवज भी नहीं थे। ड्राइवर ने जब जानकारी दी तो उससे पुलिस को कॉल करने के लिए कहा गया। कंटेनर को पार्किंग में रखवाया और इंदौर आकर मामले में शिकायत की गई।

## बेहतर सेवा और मैनेजमेंट

# खजराना गणेश मंदिर को अमेरिकन क्वालिटी काउंसिल ने किया सम्मानित

**सिटी चीफ इंदौर**

इंदौर। विश्व प्रतिष्ठित खजराना गणेश मंदिर को अपनी उत्कृष्ट सेवा और प्रबंधन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। अमेरिकन क्वालिटी काउंसिल (एक्यूसी), यूएसए के आधिकारिक सदस्य डॉ राजीव श्रीवास्तव, डॉ तिथि भल्ला एवं अजय कुमार तिवारी ने मंदिर को उच्च गुणवत्ता की सेवाओं और प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया। खजराना गणेश मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि अपने विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए भी प्रसिद्ध है। मंदिर द्वारा संचालित अन्नक्षेत्र में



हर दिन हजारों भक्तों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है, जो समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके साथ ही, मंदिर थैलेसीमिया रोगियों के लिए निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान करता है, जिससे मरीजों को इस गंभीर बीमारी से लड़ने में मदद मिलती है। इसके अलावा, मंदिर का लड्डू प्रसाद दुकान भी आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जहां भक्तों को उच्च गुणवत्ता का प्रसाद उपलब्ध कराया जाता है। इन सभी सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के कारण, खजराना गणेश मंदिर ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। अमेरिकन क्वालिटी काउंसिल द्वारा यह प्रमाण मंदिर के समर्पित प्रयासों और समाज सेवा में उसकी भूमिका को वैश्विक मंच पर स्वीकार्यता दिलाती है। यह उपलब्धि मंदिर के लिए गर्व का विषय है और मंदिर प्रशासन के उत्कृष्ट प्रबंधन का प्रमाण है।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष के घर के बाहर हथियार लहराकर गुंडागर्दी



**सिटी चीफ इंदौर**

इंदौर। इंदौर में भाजपा मंडल अध्यक्ष के यहां हथियार लहराकर धमकाने का मामला सामने आया है। नशेड़ी बदमाशों मंगलवार को घर पहुंचकर धमकी दी। पहुंचे थे। सीसीटीवी फुटेज आने के बाद पुलिस जांच कर रही है।

तुकोगंज पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मामला विधानसभा 5 के मंडल अध्यक्ष नाना टटवाड़े से जुड़ा है। टटवाड़े के घर पर कुछ गुडों ने हमला किया। उनके हाथ में हथियार थे। नाना बीजेपी विधायक महेन्द्र हार्डिया के करीबी हैं। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। आरोपियों पर दो अलग-अलग मामलो में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक पहले मामले में राखी मुराडिया की शिकायत पर केस दर्ज किया है। राखी अपनी शिकायत में बताया गया कि मंगलवार को स्कूटर पर मोहित जिनवाल और उसके साथी हाथ में चाकू लेकर आए थे। आरोपियों ने पिता के नाम पर घर के बाहर खड़े होकर अपशब्द कहे। उन्होंने पिता महेन्द्र का नाम लेते हुए कहा कि घर से बाहर निकल, आज जान से खत्म कर देंगे। आरोपियों के डर के चलते महेन्द्र घर से बाहर नहीं आए। बाद में बेटी थाने पहुंची और मोहित और उसके साथियों पर केस दर्ज करा दिया। वहीं दूसरे मामले में पंचम की फेल में रहने वाली नाना टटवाड़े की पत्नी पूनम टटवाड़े ने केस दर्ज कराया है। पूनम ने बताया कि शाम को वह घर पर थी। तब मोहित जिनवाल, उमेश जिनवाल उर्फ टक व एक अन्य बदमाश स्कूटर से घर के बाहर आए। यहां अश्लील गालियां देने लगे। आरोपियों ने पति नाना के नाम से अपशब्द कहे। इसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

भाजपा मंडल अध्यक्ष नाना टटवाडे ने बताया कि आरोपी मोहित और अन्य लोग पंचम की फेल और आसपास के इलाके में नशा बेचते हैं।

कुछ दिन पहले हमने उनके खिलाफ मुहिम चलाई थी। इस पर आरोपियों ने रंजिश रखते हुए इलाके में आकर में आकर डराया धमकाया। इस बात को लेकर मंगलवार को काफी लोग थाने पहुंचे थे।

## 24 घंटे में भोपाल में 2.5 इंच बारिश

# भोपाल में भारी बारिश, भदभदा-कलियासोत के 2-2, केरवा का 1 गेट खोला

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। मप्र के ऊपर बने ताकतवर वेदर सिस्टम के असर से भोपाल समेत आसपास के इलाकों में भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान भोपाल में 61.6 मिमी (करीब 2.5 इंच) बारिश रिकॉर्ड की गई। शहर में लगातार हो रही वर्षा की वजह से जलाशय लबालब हैं। जलस्तर को मेंटेन रखने के लिए बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है।

भदभदा डैम का वर्तमान में एक गेट खुला हुआ है। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 बजे तक दो गेट खुले हुए थे। एक गेट बंद कर दिया है। भदभदा डेम से पिछले 19 घंटों के दौरान 350 मिनियन क्यूबिक फीट (एमसीएफटी) पानी छोड़ा जा चुका है। वहीं यदि पूरे सीजन की बात करें तो अब तक कुल 2600 एमसीएफटी पानी छोड़ा जा चुका है। चूंकि भदभदा डैम से छोड़ा जाने वाला पानी कलियासोत डैम में मिलता है। इसके मद्देनजर कलियासोत डैम



के दो गेट खुले हुए हैं। वहीं केरवा और कोलार डैम का भी एक-एक गेट खुला हुआ है। सीहोर के कोलार डैम से 58 क्यूमैक्स प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है।

**दो जगह गिरे पेड़, कई इलाकों में जलभराव**
लगातार वर्षा की वजह से पिछले 12 घंटों के दौरान दो जगह पेड़ गिरने की सूचना है। कई जगह जलभराव हुआ है। जानकारी के अनुसार लिंक रोड टू और माता मंदिर अग्रसेन भवन के सामने पेड़ गिरा। वहीं वार्ड 35 में द्वारका नगर में रहने वाले लोगों के घरों में पानी भर गया। वार्ड 38 में सेमरा दुर्गा मंदिर के सामने रोड पर जलभराव से लोग घरों में कैद हो गए हैं। करोंद हाउसिंग बोर्ड, हरी मजार के पास जलभराव हो गया है। वार्ड 72 के मालीखेड़ी में घरों के अंदर पानी भर गया।

**टीकमगढ़ में धसान नदी उफान पर**
टीकमगढ़ जिले में लगातार बारिश से धसान नदी उफान पर आ गई है। बान सुजारा बांध के सभी 12 गेट खोलकर पानी छोड़े जाने से धसान नदी का जल स्तर बढ़ गया है। इस दौरान छतरपुर-टीकमगढ़ के बीच सड़क संपर्क टूट गया है। प्रदेश के कई इलाकों में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को पश्चिमी मप्र के कुछ इलाकों में भारी से अतिभारी वर्षा हो सकती है। वहीं पूर्वी मप्र में भी भारी वर्षा होने के आसार हैं।

**ये वेदर सिस्टम सक्रिय**
मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश और उसके आसपास के इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल स्तर तक फैला हुआ है। अगले 12 घंटों के दौरान इसके इसी क्षेत्र में गहरे अबदाव में तब्दील होने की संभावना है।

मानसून द्रोणिका अब बीकानेर, कोटा, गुना, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश और उसके आसपास के इलाकों में बने कम दबाव के क्षेत्र के केंद्र से होकर अंबिकापुर, जमशेदपुर, दीघा से होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के मध्य तक फैली हुई है। दक्षिण गुजरात से मध्य केरल तट तक समुद्र तल पर अपतटीय द्रोणिका बनी हुई है। दक्षिण गुजरात के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है।

# भोपाल में 200 के पार हुए डेंगू के मरीज

**सिटी चीफ भोपाल।**
राजधानी में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। आलम यह है कि डेंगू मरीजों का आंकड़ा 200 के पार पहुंच गया है। कारण, मलेरिया और डेंगू वायरल बुखार को लेकर पूरे स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और लापरवाही है। राजधानी में अब तक डेंगू के 201 मरीज मिले चुके हैं, वहीं एक की मौत भी हो चुकी है। डेंगू, चिकनगुनिया और मलेरिया पीड़ितों के इलाज को लेकर स्वास्थ्य विभाग हर तरह का ढिंढोरा पीटता है कि यहां सर्वे किया जा रहा है, वहां फील्ड वर्कर भेजे गए हैं। डेंजर जोन में रोजाना फॉगिंग की जा रही है। हर तरह काम मुस्तैदी से चल रहा है।

इस मुस्तैदी और सतर्कता की बानगी देखिए कि स्वास्थ्य विभाग खुद तो मरीज तलाश नहीं पाता और जिन मरीजों की जानकारी निजी अस्पताल विभाग को देते हैं, उनको लेकर भी टालमटोल की जाती है। न तो समय पर ऐसे



मरीजों की जांच कराई जाती है और न ही इलाज को लेकर कोई पूछताछ होती है। सब कुछ भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। दरअसल, निजी अस्पताल द्वारा किट जांच को स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े में पॉजिटिव घोषित नहीं किया जाता है और सरकारी अमला वायरोलाजी लैब में जांच को लेकर गंभीर नहीं रहता है। नमूना जांच के लिए भेजा जाता है और जब तक रिपोर्ट आती है, तब तक मरीज ही ठीक होकर घर चला जाता है। निजी अस्पताल में भर्ती डेंगू के मरीज का नमूना जब वायरोलाजी लैब भेजा जाता है तो उसकी रिपोर्ट क्या आई, यह जानकारी निजी अस्पताल में भेजी ही नहीं जाती है। इस तरह सब कुछ अपनी सुविधा और मनमर्जी से चलता है। मरीज की सुविधा और इलाज से विभाग को कोई सरोकार नहीं है।

**आरोप-प्रत्यारोप का खेल**
स्वास्थ्य विभाग यह आरोप लगाता है कि निजी अस्पताल मलेरिया, डेंगू के मरीजों की जानकारी समय पर नहीं देते हैं। इधर, निजी अस्पताल के संचालकों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग किट जांच को पॉजिटिव नहीं मानता। स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पताल द्वारा एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पूरा वर्ष निकल जाता है, जिससे वास्तविक आंकड़ा मरीजों का सामने नहीं आता है।

कुछ इस तरह की नूराकुश्ती वर्षों से चल रही है।

**एंटीजन या रैपिड टेस्ट के बाद एलाइजा टेस्ट जरूरी**
सभी शासकीय और निजी स्वास्थ्य संस्थानों को डेंगू के मरीजों की जानकारी देनी है, जिसमें लापरवाही बरती गई है। डेंगू की पुष्टि के लिए तीन तरह से जांच होती हैं।

इसमें रैपिड के अलावा एंटीजन ब्लड और एलाइजा टेस्ट किया जाता है। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार एंटीजन या रैपिड टेस्ट में पाजिटिव आने पर एलाइजा टेस्ट जरूरी है।

**इनका कहना है**
मलेरिया और डेंगू को लेकर विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। जहां पर कहीं कोई कमी कभी सामने आती है, वहां तुरंत सुधार होता है। यदि किसी पीड़ित को कोई परेशानी है तो तुरंत इसकी शिकायत मलेरिया विभाग से करना चाहिए, इसका समाधान निकलेगा।
- डॉ. अखिलेश दुबे, जिला मलेरिया अधिकारी, भोपाल

**25 निजी अस्पताल की सौंपी रिपोर्ट**
स्वास्थ्य विभाग की सर्वे टीम ने 25 अस्पतालों की रिपोर्ट सौंपी है। लापरवाही बरतने वाले अस्पतालों को नोटिस जारी करने और स्पष्ट जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। शासकीय व निजी अस्पतालों में डेंगू मरीजों को मच्छरदानी में रखा जाना है। पीड़तों की जानकारी देना अनिवार्य है, ताकि कांटेक्ट ट्रेसिंग की जा सके।
- डॉ. प्रभाकर तिवारी, सीएमएचओ, भोपाल

# बैरागढ़ के बोरवन पार्क में पहुंचा सियारों का झुंड, सैर करने वाले लोगों में दहशत

**सिटी चीफ भोपाल।**
संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) में झील किनारे स्थित बोरवन पार्क में बुधवार को सुबह सियारों का एक झुंड चहलकदमी करते देखा गया। यह देखकर यहां सैर करने वाले लोग दहशत में आ गए। कुछ लोगों ने इस वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया। यह वीडियो कुछ ही समय में बहूप्रसारित हो गयागौरतलब है कि बैरागढ़ के पार्क में बड़ी संख्या में लोग सुबह एवं शाम के समय सैर करने पहुंचते हैं। यह पार्क बड़ा तालाब के किनारे स्थित है। बुधवार को सैर करने बोरवन पार्क पहुंचे कुछ लोगों ने दूर से सियारों का झुंड देखा तो दहशत में आ गए। प्रत्यक्षदर्शी नरेश गिदवानी के अनुसार हमने दूर से ही वीडियो बनाया और बाहर निकल आए। दूरी अधिक होने के कारण वीडियो में साफ नजर नहीं आ रहा है कि



सियार थे या लोमड़ियों का झुंड था।

**सतर्क रहने की अपील**
बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी के अनुसार पार्क में सियार नहीं हैं। कुछ लोमड़ियां हैं, जो एक छोर पर कभी-कभी नजर आती हैं। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। आसवानी के अनुसार वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंधेरे में पार्क में सैर करने न जाएं। कुछ लोग सुबह रौशनी होने से पहले ही पार्क में पहुंच जाते हैं। ऐसे समय में जानवर हमला कर सकते हैं। बोरवन क्लब भी लोगों को सतर्क कर रहा है।

### फिल्मी स्टाइल में हुई घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद

# कार से आए बदमाशों ने किया युवक का अपहरण

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। निशातपुरा थाना इलाके में मंगलवार रात कार से आए बदमाशों ने फिल्मी स्टाइल में एक युवक का अपहरण कर लिया। बताया जाता है कि अवैध शराब के कारोबार से जुड़े दोनों पक्ष पहले मिलकर काम करते थे। पूर्व में इनका परवलिया क्षेत्र में भी विवाद हुआ था। पुलिस अगवा किए युवक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जो अब इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो रहा है।

निशातपुरा थाना प्रभारी रूपेश दुबे ने बताया कि रतन कॉलोनी निवासी राजेश मीणा और बृज कॉलोनी निवासी अंशु गुर्जर अवैध शराब के कारोबार से जुड़े हुए हैं। मंगलवार रात को राजेश मीणा के स्वजन ने शिकायत दर्ज कराई। उसमें उन्होंने बताया कि रात लगभग आठ बजे अंशु गुर्जर कार से अपने साथियों के साथ राजेश के घर के पास पहुंचा था। वहां से



मारपीट करने के साथ वे लोग राजेश को कार में जबरन बिठा कर ले गए। उसके बाद से राजेश का कुछ भी पता नहीं चल सका है।

**पहले भी हुआ था विवाद**
मामले की जांच में पता चला है कि राजेश और अंशु पहले साथ में ही शराब का कारोबार करते थे। बाद में किसी बात को लेकर उनका मनमुटाव हो गया था। जिसके चलते राजेश ने परवलिया थाना क्षेत्र में अंशु और उसके पिता सरजन गुर्जर के साथ मारपीट की थी। तब परवलिया थाना पुलिस ने सरजन गुर्जर की शिकायत पर राजेश मीणा और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। उसके बाद दोनों पक्षों के बीच रंजिश और बढ़ गई थी।

राजेश और अंशु गुनगा, ईंटखेड़ी, बैरसिया, नजीराबाद इलाके में बड़े पैमाने पर अवैध शराब की आपूर्ति का काम करते रहे हैं। टीआई दुबे के अनुसार राजेश की तलाश के लिए पुलिस टीम बनाई गई है।

### 22 अक्टूबर से 13 नवंबर तक ट्रेन चलाएगा रेलवे, भोपाल से मुंबई और यूपी के यात्री को मिलेगा फायदा

# अक्टूबर से नवंबर तक चलेगी स्पेशल ट्रेन

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। दीपावली और छठ त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के त्योहार स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान पश्चिम मध्य रेल से चार स्पेशल ट्रेनों गुजरेंगी। ऐसे में मुंबई और उप्र जाने वाले हजारों यात्रियों को फायदा मिलेगा। यह स्पेशल ट्रेन 22 अक्टूबर से 13 नवंबर तक चलेगी।

**एलटीटी-दानापुर दैनिक स्पेशल (42 सेवाएं)**
ट्रेन 01143 डेली स्पेशल ट्रेन 22 अक्टूबर से 11 नवंबर तक सुबह 10:30 बजे एलटीटी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 6:45 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन 01144 डेली स्पेशल ट्रेन 23 अक्टूबर से 12 नवंबर तक रात 9:30 बजे दानापुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 4:50 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

**सीएसएमटी-आसनसोल साप्ताहिक स्पेशल (8 सेवाएं)**
ट्रेन 01145 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 21 अक्टूबर से 11 नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को 11:05 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन रात 2.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन 01146 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 23 अक्टूबर से 13 नवंबर तक प्रत्येक बुधवार को रात 9 बजे आसनसोल से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 8:15 बजे सीएसएमटी



मुंबई पहुंचेगी।

**सीएसएमटी-गोरखपुर दैनिक स्पेशल (42 सेवाएं)**
ट्रेन 01079 डेली स्पेशल ट्रेन 22 अक्टूबर से 11 नवंबर तक रात 10:30 बजे सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 8:20 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन 01080 डेली स्पेशल ट्रेन 24 अक्टूबर से 13 नवंबर तक दोपहर 2:30 बजे गोरखपुर से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन रात 12:40 बजे सीएसएमटी मुंबई पहुंचेगी।

**एलटीटी-गोरखपुर द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (8 सेवाएं)**
ट्रेन 01123 द्वि - साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन शुक्रवार और रविवार 25, 27 अक्टूबर, 01 और 03 नवंबर को एलटीटी से रात 12.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन शाम 6:55 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। ट्रेन 01124 द्वि - साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन शनिवार और सोमवार 26, 28 अक्टूबर, 2 और 4 नवंबर को गोरखपुर से रात 9:15 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 7:25 बजे एलटीटी पहुंचेगी।

# उलेमाओं से लेकर जनप्रतिनिधियों तक ने की वक्फ संशोधन बिल के रिजेक्शन की अपील




**सिटी चीफ भोपाल।**
केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए वक्फ बोर्ड संशोधन बिल का फैसला ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) के पाले में है। कमेटी ने सार्वजनिक सूचना जारी कर देशभर के लोगों से उनकी राय आमंत्रित की है। विभिन्न माध्यमों से दिए जाने वाले इन सुझावों में बिल से सहमति या असहमति के विकल्प मौजूद हैं। दो धड़ों में बंटे इस बिल को लेकर सोशल मीडिया पर प्रचारित किया जा रहा है। इसकी शुरूआत से ही सियासत के घेरे में इस बिल को लेकर उलेमा भी मैदान में हैं। यह भी लोगों से अपील कर रहे हैं कि इस मामले में अपना पक्ष अपने जरूरी कामों में शामिल कर अवश्य रखें।

दारुल कजा व दारुल इफ्ता भोपाल ने वक्फ संशोधन बिल को लेकर अपील जारी की है। जिसमें उलेमाओं ने लोगों से कहा है कि लोकसभा में वक्फ के सिलसिले में जो तर्मिमी (संशोधन) बिल लाया गया है, इस सिलसिले में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने जो अपील की है, उसके मुताबिक सभी लोग अपनी राय का इजहार जरूर करें। उन्होंने कहा कि इसमें कोई कोताही न की जाए। उलेमाओं में काजी ए शहर सैयद मुश्ताक अली नदवी, शहर मुफ्ती मोहम्मद अबुल कलाम खान कासमी, मुफ्ती सैयद बाबर हुसैन, मुफ्ती रईस अहमद खान, कारी जसीम दाद खान, काजी मोहम्मद शराफत रहमानी, काजी सैयद अली कदर हुसैनी आदि शामिल हैं।

**मसूद की अपील**
कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद ने भी सोशल मीडिया पर वीडियो मैसेज जारी कर प्रदेशभर के लोगों से वक्फ संशोधन बिल के रिजेक्शन की अपील की है। उन्होंने कहा कि सियासी लोग अल्लाह की जायदाद पर भी गिद्ध नजर जमाकर बैठ गए हैं। इनको रोका जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी लोगों को जेपीसी तक अपनी असहमति की राय भेजना होगा। उन्होंने जेपीसी की 13 सितंबर की बैठक से पहले अपना वोट आवश्यक रूप से भेजने के लिए कहा है।

कुछ संगठनों ने फर्जी क्यूआर कोड जारी कर दिए

सूत्रों का कहना है कि ईमेल, व्हाट्स ऐप और अन्य माध्यमों से किए जा रहे बिल रिजेक्शन की वोटिंग के लिए क्यूआर कोड भेजे जा रहे हैं। सोशल मीडिया से लेकर हैंड विल और पोस्टरों के जरिए यह क्यूआर भेजे जा रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि इस रिजेक्शन मुहिम को असफल करने के लिए कुछ संगठनों ने फर्जी क्यूआर कोड जारी कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इनका इस्तेमाल करने से संबंधित का वोट विपरीत दिशा में जा सकता है।

## सम्पादकीय

# विदेशी धरती पर राहुल गांधी के बयानों के मायने आखिर क्या?

**आज की स्थिति में राहुल गांधी महज एक सांसद ही नहीं, बल्कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वे संवैधानिक पद पर हैं और ऐसे राजनेता को 'छाया प्रधानमंत्री' आंका जाता है। यदि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ही देश को अपमानित करेगा, चीन की तुलना में भारत को 'बौना' करार देगा और गलत तुलनात्मक विश्लेषण करेगा, तो यह देश, समाज और सरकार को उसे अक्षम्य मानना चाहिए।**

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान दिए गए वक्तव्य इन दिनों खास चर्चा में हैं। इन वक्तव्यों का भारत में काफी विरोध हो रहा है। वजह यह है कि इन वक्तव्यों में काफी हद तक भारत को छोटा दिखाने की झलक मिल रही है। यह कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की पुरानी आदत कही जा रही है। यह उनकी राजनीति का हिस्सा है, लेकिन आरोप ये भी लग रहे हैं कि कुछ विदेशी ताकतें ऐसा करने के लिए राहुल को उकसाती रही हैं। आरोप हैं कि करीब 7-8 साल से राहुल गांधी विदेशी सरजमीं से भारत के खिलाफ बोल रहे हैं। यदि वे आरएसएस, भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ ही टिप्पणियां करें, तो उन्हें राजनीति मानकर नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन वे भारत-विरोध की तथ्यहीन टिप्पणियां करेंगे, तो बेशक उसे 'देश-विरोध' ही समझा जाएगा। आज की स्थिति में राहुल गांधी महज एक सांसद ही नहीं, बल्कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। वे संवैधानिक पद पर हैं और ऐसे राजनेता को 'छाया प्रधानमंत्री' आंका जाता है। यदि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति ही देश को अपमानित करेगा, चीन की तुलना में भारत को 'बौना' करार देगा और गलत तुलनात्मक विश्लेषण करेगा, तो यह देश, समाज और सरकार को उसे अक्षम्य मानना चाहिए। ऐसा व्यक्ति देश, संविधान और कानून से ऊपर नहीं है। आजकल राहुल गांधी अमेरिका में साक्षात्कार दे रहे हैं और विश्वविद्यालय के छात्रों को संबोधित कर रहे हैं। सवाल यह है कि क्या वे वास्तव में गलत तथ्य पेश कर रहे हैं और नई पीढ़ी को भ्रमित कर रहे हैं? कहा जा रहा है कि भारत के बारे में उनकी सोच ही गलत और पूर्वाग्रही है। वे भारत के मूल विचार को ही नहीं जानते। उनके अनुसार, भारत विचारों की विविधता वाला देश है। अमेरिका की तरह राज्यों का संघ है। शायद उन्होंने संविधान के अनुच्छेद एक में जो परिभाषा दी गई है, उसे नहीं पढ़ा। पढेंगे नहीं, तो समझेंगे कैसे? उसमें भारत को एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र परिभाषित किया गया है। संघीय चरित्र और ढांचा होने के कारण उस राष्ट्र में कई राज्य भी हैं, लेकिन वे निरंकुश नहीं हैं। भारत सरकार ही संवैधानिक तौर पर उन्हें संचालित करती है। अलबत्ता राज्यों को भी कुछ अधिकार दिए गए हैं। बहरहाल राहुल गांधी ने दूसरा मुद्दा रोजगार का उठाया और दावा किया कि चीन, वियतनाम आदि कुछ देशों में बेरोजगारी की समस्या ही नहीं है, जबकि अमेरिका समेत पश्चिमी देशों और भारत में बेरोजगारी एक विकट समस्या है। यहां विश्व बैंक के आंकड़े गौरतलब लगते हैं, क्योंकि 2023 में चीन की बेरोजगारी दर 4.7 फीसदी थी, जबकि भारत में यही दर 4.2 फीसदी थी। यानी चीन में बेरोजगारी, भारत की तुलना में, अधिक रही है। वहां का एक ही उदाहरण पर्याप्त है कि 2 लाख नौकरियों के लिए करीब 77 लाख चीनियों ने आवेदन किया था। हम मानते हैं कि उत्पादन के क्षेत्र में चीन वैश्विक स्तर पर प्रभुत्व की स्थिति में है, लेकिन भारत भी आज एप्पल और आईफोन 16 सरीखे अंतरराष्ट्रीय उत्पादों को बना रहा है। अब दुनियाभर में यही भारत-निर्मित उत्पाद सप्लाई किए जाएंगे और उन पर मेक इन इंडिया अंकित होगा। सवाल है कि विदेशी मंचों पर राहुल गांधी, भारत के बारे में, गलत तथ्य पेश क्यों करते रहे हैं? यही नहीं, उन्होंने यहां तक कहा कि भारतीय राजनीतिक प्रणालियों और पार्टियों में प्रेम, सम्मान और विनम्रता का अभाव है। यदि ऐसा है, तो राहुल की पार्टी कांग्रेस भी इसी जमात में शामिल है, क्योंकि वह तो देश की सबसे पुरानी पार्टी है। गजब बयान तो यह रहा, जब राहुल गांधी ने देवता और भगवान की परिभाषा ही बदल दी। परोक्ष रूप से उन्होंने सनातन धर्म की गरिमा को खंडित किया है। राहुल का आरएसएस के प्रति विद्वेष सनातन रहा है। दरअसल वे संघ को न तो जानते हैं और न ही उसकी गहनता तक कभी देख पाएंगे। राहुल समेत कांग्रेस में एक तबके का मानना है कि संघ और भाजपा पारंपरिक तौर पर महिला-विरोधी हैं। राहुल 'दुर्गावाहिनी' की भूमिका नहीं जानते, जो संगठन संघ के साथ काम करता रहा है। उसकी महिलाओं ने सहकारी और स्व सहायता समूहों के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

# आम कश्मीरी की सोच बताएंगे विधानसभा चुनाव

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के परिणाम बताएंगे कि कश्मीर की जनता क्या चाहती है। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बडी तादाद में विकास हुआ। शांति लौटी। रोज की होने वाली पत्थरबाजी से जम्मू-कश्मीर की मुक्ति मिली। सिनेमा हॉल खुल गए। पर्यटक आने लगे। मुहर्रम के जुलूस निकलने लगे। कश्मीर में बहुत कुछ बदल गया है, इसके बावजूद देखना यह है कि कश्मीर का मतदाता क्या इस विकास को पसंद करता है,या उसे मजहबी कट्टरता ही मंजूर है।**





जम्मू-कश्मीर विधानसभा लिए 18 सितंबर से एक अक्टूबर 2024 तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। नतीजे आठ अक्टूबर 2024 को घोषित किए जाएंगे। इन चुनाव के परिणाम बताएंगे कि कश्मीर की जनता क्या चाहती है। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बडी तादाद में विकास हुआ। शांति लौटी। रोज की होने वाली पत्थरबाजी से जम्मू-कश्मीर की मुक्ति मिली। सिनेमा हॉल खुल गए। पर्यटक आने लगे। मुहर्रम के जुलूस निकलने लगे। कश्मीर में बहुत कुछ बदल गया है, इसके बावजूद देखना यह है कि कश्मीर का मतदाता क्या इस विकास को पसंद करता है,या उसे मजहबी कट्टरता ही मंजूर है।

जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानी पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तनों के कारण इनमें से केवल 90 सीटों के लिए चुनाव होना तय है। वर्ष 2019 में जब जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के जरिये जब आर्टिकल 370 को हटाया गया तो राज्य में चुनावी सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू की। मार्च 2020 में एक परिसीमन आयोग की स्थापना की गई। इसकी अंतिम रिपोर्ट मई 2022 में जारी की गई। इस रिपोर्ट ने विधानसभा सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 कर दी। इसमें छह सीटें जम्मू और एक कश्मीर में बढ़ी है।114 सीटों में 24 सीटें पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर के क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं, इसका अर्थ है कि उन पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है, इसलिए, चुनाव के लिए उपलब्ध सीटों की प्रभावी संख्या 90 है, जम्मू संभाग में 43 और कश्मीर संभाग में 47, राज्य का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद यहां पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं।

राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव दस साल पहले नवंबर-दिसंबर 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई। इसमें मुफ्ती मोहम्मद सईद मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का सात जनवरी 2016 को निधन हो गया। राज्यपाल शासन लगा पर कम समय के लिए लगा। फिर महबूबा मुफ्ती ने वहां मुख्यमंत्री के लिए रूप में शपथ ली। पिछली राज्य सरकार से जून 2018 में भाजपा ने पीडीपी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने राज्य विधानसभा भंग कर दी। 20 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया।

भाजपा की ओर से हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी घोषणापत्र जारी किया। इसमें आतंकवाद के सफाए और हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण से लेकर कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास तक, भाजपा ने कई प्रमुख वादे किए हैं। अमित शाह ने कहा कि यह क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पार्टी के वादों और योजनाओं के अनुरूप है।

नए जम्मू और कश्मीर के लिए 25 वादों में से, भाजपा ने 'जम्मू और कश्मीर को राष्ट्र के विकास और प्रगति में अग्रणी बनाने' के लिए आतंकवाद और अलगाववाद को खत्म करने की कसम खाई। कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा देने और अनुच्छेद 370 को हटाने से पहले की राजनीतिक स्थिति बहाल करने का भी वादा किया है। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस ने शंकराचार्य पहाड़ी का नाम बदलकर तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत का नाम बदलकर कोह-ए-मरान करने की बात कही है। इसे कश्मीर की मुस्लिम बहुल आबादी की भावनाओं को भुनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के चुनाव के विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं। बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभाएं शुरू हो गई हैं। जनसंपर्क अभियान चल रहा है। रोड शो निकाले जा रहे हैं। घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब खत्म नजर आ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे का इस तरह विकास किया गया है कि पिछले दिनों श्रीनगर में जी-20 देशों की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुख्य कार्यक्रम भी श्रीनगर में ही आयोजित किया गया। इसमें स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया।

हालात तो ये बता रहे हैं कि कश्मीर बदल रहा है किंतु जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट लोकसभा सीट से आतंकवादियों को फंडिग करने के आरोप में जेल में बंद निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख की जीत कुछ और ही इशारा कर रही है। उन्होंने जेल में रहते हुए जम्मू कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस उमर अब्दुल्ला को दो लाख से भी ज्यादा वोटों से शिकस्त दी है। बारामुला सीट पर रशीद को चार लाख 72 हजार वोट मिले जबकि उमर अब्दुल्ला को दो लाख 68 हजार वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे जम्मू-कश्मीर पीपल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन। उन्हें एक लाख 73 हजार वोट मिले। अब्दुल रशीद शेख के स्थानीय समर्थक अब्दुल माजिद इस जीत पर बीबीसी से कहते हैं कि साल 2019 के बाद जो कुछ भी कश्मीर में हुआ, इंजीनियर रशीद की जीत उसी बात का जवाब है। उनका कहना था कि कश्मीर के युवाओं ने जिस तरह इंजीनियर रशीद का समर्थन किया है, वो इस बात को दर्शाता है कि नई पीढ़ी नए चेहरों को ढूंढ रही है और पारंपरिक राजनीति से तंग आ चुकी हैं। इंजीनियर रशीद को आतंकवाद की फंडिंग के आरोप में यूएपीए के तहत साल 2019 में गिरफ्तार किया गया था और इस समय वो दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद हैं। रशीद अवामी इत्तेहाद पार्टी के संस्थापकों में से एक हैं। 2019 में भी उन्होंने बारामूला से पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और तीसरे नंबर पर रहे थे। इस बार उन्होंने बतौर स्वतंत्र उम्मीदवार चुनाव लड़ा था। जेल जाने से पहले इंजीनियर रशीद शांतिपूर्ण तरीके से कश्मीर समस्या को हल करने की वकालत करते रहे हैं। इंजीनियर रशीद जम्मू कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाने के सख्त खिलाफ थे और इस मुद्दे को लेकर वह सड़कों पर भी उतरे थे। उन्होंने इसके विरोध में कई धरने भी दिए हैं। सरकार का दावा है कि 370 हटाने के बाद कश्मीर विकास कि राह पर आगे बढ़ रहा है और जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा भी बार-बार नए कश्मीर की बात कर रहे हैं। लेकिन कश्मीर में कुछ लोग इसे जबरन खामोशी भी कहते हैं। उनका आरोप है कि किसी को खुलकर बात करने नहीं दी जाती है।

इंजीनियर रशीद को चुनाव प्रचार के लिए जमानत मिल गई है। देखिए क्या होता है। अमेरिका और मित्र देशों ने 20 साल अफगानिस्तान को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए जमकर निवेश किया था, किंतु एक झटके में वह इस्लाम के रास्ते पर चला गया। यही डर है। अभी तो कश्मीर में फौज है। देखना यह है कि बिना फौज के भी कश्मीर का रूख ये ही रहता है, या वह फिर पुराने आतंकवाद के रास्ते पर लौटता है। हालांकि हम भारतीय आशावादी है। आशा करते हैं कि सब ठीक होगा। कश्मीरी नागरिक और युवा नए कश्मीर, विकसित कश्मीर को स्वीकार कर विकास का रास्ता अपनाएंगे।

बता दें कि जम्मू- कश्मीर में चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का चुनाव पूर्व गठबंधन हो चुका है। भाजपा यहां अकेले लड़ रही है। कुछ निर्दलीय उसके साथ हैं ऐसा दावा किया जा रहा है। भाजपा का जम्मू रीजन में बहुत अच्छा प्रभाव है। कश्मीर घाटी में भाजपा का असर कम है। ऐसा समझा जाता है कि कश्मीर घाटी में नेशनल कॉन्फ्रेंस का जोर है। पहले भी था और अब भी। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कांग्रेस से समझौता इसलिए किया है ताकि जम्मू रीजन की कुछ सीटें कांग्रेस हासिल करने में कामयाब हो गई तो नेकां को सरकार बनाने में मदद मिल सकती है।

जहां तक मुद्दों का सवाल है, यहां सबसे बड़ा मुद्दा अनुच्छेद 370 ही है। भाजपा चुनाव प्रचार के दौरान 370 हटाने का श्रेय ले रही है।

उसका कहना है कि यह अनुच्छेद अब इतिहास हो चुका है। इसकी वापसी कभी नहीं हो सकती। उधर नेशनल कॉन्फ्रेंस कश्मीर घाटी के लोगों की भावनाओं को भुनाने के लिए कह रही है कि वह अनुच्छेद 370 को फिर से लागू करवाएगी जबकि यह उसके बस की बात नहीं है। यह काम केंद्र सरकार ही कर सकती है। राज्य स्तर पर यह संभव नहीं है।

# नन्हे कौशल इंजीनियर: बया का घोंसला अद्भुत इंजीनियरिंग का उदाहरण





शिल्प कौशल, इंजीनियरिंग और वास्तुकला की मिसाल देते चिड़िया के घोंसले अक्सर नदी नहर के किनारे पेड़ों की शाखाओं पर लटकते देखने को मिल जाते हैं। ये घोंसले बया पक्षी के होते हैं जो कि अपने घोंसले के निर्माण कौशल के लिए प्रसिद्ध है। यह पक्षी एक बल्बनुमा कक्ष जैसा घोंसला बनाते हैं, जो देखने में लालटेन जैसे लगते हैं जिन्हे घास, पत्तियों और टहनियों का उपयोग करके बनाया जाता है।

ये घोंसले मजबूत होते हैं और पक्षियों और उनके अंडों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। बया का घोंसला अद्भुत इंजीनियरिंग का उदाहरण है, इसके निर्माण के लिए, मरम्मती धागों का उपयोग करते हुए यह पक्षी घोसलों को डिज़ाइन करती है जो खुद को मजबूती से बांध लेता है। इस तरह के घोसलों ने बया वीवर को उनके इंजीनियरिंग कौशल के लिए मशहूर बना दिया है।

ये घोसले नर पक्षी द्वारा बनाए जाते हैं जिसे वो मादा बया पक्षी को रिझाने और आकर्षित करने के लिए बनाते हैं। प्रजनन के मौसम के दौरान, नर बया मादाओं को आकर्षित करने के लिए अपने घोंसले बनाने के कौशल का प्रदर्शन करते हैं। संभावित साथी को प्रभावित करने की उम्मीद में, वे सावधानी से अपने घोंसले बुनते और सजाते हैं।

जब घोंसले निर्माण पूरा होता है, तब मादा उसे मान्यता देती है या छोड़ देती है और यह इस पर निर्भर करता है कि कितनी सुंदरता और मजबूती से घोंसला बनाया गया है। बया एक पोलीगेमी पक्षी है जिसका अर्थ है कि नर एक से ज्यादा मादा के साथ मेटिंग करता है जबकि मादा सिर्फ एक नर के साथ ही मेटिंग करती है।

कुशल वास्तुकारों की तरह बया भी विभिन्न आकृतियों और आकारों में अपने घोसलों का निर्माण करते हैं। कुछ घोंसले पेड़ की शाखाओं से लटकते हैं, जबकि अन्य लंबी घास के बीच बने होते हैं।

यह एक सामाजिक पक्षी है और अक्सर कॉलोनियों में अपना घोंसला बनाते हैं। वे निर्माण प्रक्रिया में एक दूसरे की मदद करते हुए सद्भाव में एक साथ काम करते हैं। ये पक्षी अक्सर तीन साधनो को प्राथमिकता देते है जिनमे शामिल है खाना, पानी, और सुरक्षा।

ये पक्षी किसानों के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं क्योंकि वे कीड़ों और कीटों को खाते हैं, जिससे उनकी आबादी को स्वाभाविक रूप से नियंत्रित करने में मदद मिलती है। बया निवासी पक्षी है, जिसका अर्थ है कि वे लंबी दूरी तय नहीं करते हैं। वे आमतौर पर सालभर अपने पसंदीदा आवास में रहते हैं, और भारतीय जलवायु की गर्माहट का आनंद लेते हैं।

बया पक्षी वास्तव में प्रकृति के कलाकार हैं, जो अपने शानदार घोंसलों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन करते हैं। बया एक आदर्श प्राकृतिक निर्माता है जो अपने घोंसलों को सुंदरता और सुरक्षा से भर देती है। इसकी खूबसूरती और अनोखापन को देखकर हम सभी को प्रेरित होना चाहिए कि हम भी अपने कौशल और विचारशीलता का उपयोग करके अपने जीवन को सुंदर बनाएं।

# अफगान महिलाओं के हाल पर सब मौन क्यों हैं? सबको पड़ी है अपने हितों की

तालिबान शासन अपने पतन की ओर है, फिर भी वह समाज में महिलाओं की पहचान मिटाने में लगा है, जो उसके अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अलग-थलग होने का प्रमुख कारण है। मानवाधिकार संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल ने सुधार की कम गुंजाइश के साथ इसे 'धीमी गति से मौत = महिलाओं और लड़कियों की दुर्दशा' के रूप में चिह्नित किया है। लोग पीड़ित हैं, क्योंकि तालिबान सरकार को अंतरराष्ट्रीय मान्यता और वित्तीय मदद नहीं मिल रही है। भविष्य में भी यही स्थिति रह सकती है, क्योंकि वहां पहले से ही इतने कड़े प्रतिबंध हैं कि महिलाओं को चेहरा समेत पूरा शरीर ढकना होता है, यहां तक कि वे घर से बाहर आवाज भी नहीं निकाल सकतीं।

इन राजकीय प्रतिबंधों की वजह से महिलाएं सार्वजनिक रूप से गीत नहीं गुनगुना सकतीं एवं कुरान नहीं पढ़ सकतीं। साथ ही उनके पतले, तंग और छोटे कपड़े पहनने पर भी पाबंदी है। यही नहीं, कानून ने महिलाओं के घर में भी तेज आवाज में बोलने पर पाबंदी लगा रखी है। इस डर से कि उनकी आवाज चहारदीवारी से?बाहर न निकल जाए। शासनादेशों की वजह से बाल विवाह और जबरन विवाह बढ़ गए हैं। वहीं, जिन महिलाओं ने इन अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश की, उन्हें प्रताड़ित किया गया। दुनिया को इसके खिलाफ मुखर होना पड़ेगा। बाद में तीव्र प्रतिक्रिया जताने पर भी कोई परिणाम नहीं निकलेगा।

दूसरी तरफ, चीन का ध्यान अपने शिनजियांग क्षेत्र में अतिवादी गतिविधियों को रोकने पर है। चीन अपने भू-राजनीतिक और आर्थिक हितों के लिए महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आंखें मूंदकर तालिबान से संबंध बनाए रखना चाहता है। तालिबान के प्रति चीन का दृष्टिकोण दर्शाता है कि उसके यहां हो रहे मानवाधिकारों के उल्लंघन पर भी दुनिया का कोई देश हस्तक्षेप या आलोचना न करे। तालिबानी शासन से जुड़कर चीन अपनी पश्चिमी सीमाओं को स्थिर कर भू-राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्र में वर्चस्व पाना चाहता है, खासकर जब अमेरिका और उसके सहयोगी अफगानिस्तान से पीछे हट रहे हैं। इसके अलावा, चीन की नजर अफगानिस्तान के खनिज संसाधनों के दोहन पर भी है। महिलाओं के प्रति तालिबान के नजरिये को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासी नाराजगी है। जबकि चीन का ध्यान अपने रणनीतिक हितों को सुरक्षित करने पर है, इसलिए वह अफगानिस्तान में महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों की अनदेखी कर रहा है। बीजिंग मानवाधिकार?के मुद्दों से ज्यादा आर्थिक और सुरक्षा संबंधी चिंताओं को तवज्जो देता है। चीन अफगानिस्तान से होकर अपने बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव (बीआरआई) प्रोजेक्ट का विस्तार कर इस क्षेत्र में अपने निवेश को सुरक्षित करना चाहता है।

कूटनीतिक और मानवीय आधार पर अफगानिस्तान में महिलाओं की रक्षा करने में भारत अहम भूमिका निभा सकता है। भारत को शांति वार्ता में महिलाओं को शामिल करने की वकालत कर संयुक्त राष्ट्र की लैंगिक समानता वाली पहल का समर्थन करना चाहिए। अफगान महिलाओं को भारत में पढ़ने के लिए वित्तीय मदद और छात्रवृत्ति देने से भविष्य में वहां सशक्त महिला नेतृत्व तैयार हो सकता है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर भारत अफगान महिलाओं को स्वास्थ्य, शिक्षा और कानूनी सहायता उपलब्ध करवा सकता है। अतीत में भी भारत ने स्कूल और अस्पतालों के निर्माण तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण, जैसे तमाम कार्यक्रमों के जरिये अफगान महिलाओं की सहायता की है। तालिबान के पुनरुत्थान से उपजी चुनौतियों के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मंचों पर महिला अधिकारों की लगातार वकालत करना भारत की उनके प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। हालांकि मौजूदा हालात अफगान महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए बेहतर अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की मांग करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र व मानवाधिकार संगठनों समेत विश्व समुदाय ने महिलाओं के प्रति तालिबान के व्यवहार की निंदा की है, लेकिन ये प्रयास नाकाफी हैं। संयुक्त राष्ट्र को अफगानिस्तान में अपनी मौजूदगी बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। तालिबान की शत्रुता के चलते वहां संयुक्त राष्ट्र का प्रभाव काफी कम हो गया है। मानवीय मदद बेशक जरूरी है, लेकिन यह दीर्घकालीन समाधान नहीं है और तालिबान के प्रतिबंधों की वजह से अति जरूरतमंदों तक मदद पहुंच ही नहीं पाती। बयानबाजी के परे वहां संगठित वैश्विक दबाव बनाने की जरूरत है। मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए तालिबान को जवाबदेह ठहराने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे का लाभ उठाना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन महिलाओं के लिए सुरक्षित मार्ग तलाशना चाहिए, जो अफगानिस्तान छोड़ना चाहती हैं और संकट में रहने वालों को शरण देनी चाहिए। वर्ष 2001 में अमेरिका ने तालिबान को सत्ता से बेदखल करने और अफगान महिलाओं को अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का बेहतरीन नेतृत्व किया था। लेकिन 2021 में अमेरिका ने स्थिरता व समावेशी सरकार सुनिश्चित किए बिना अपने सैनिकों को वापस बुलाकर महिलाओं को उन्हीं ताकतों के हवाले कर दिया, जिनसे सुरक्षा दिलाने का वादा किया गया था। इसलिए तालिबान द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए अमेरिका को फिर से आगे आना होगा। अमेरिका आर्थिक मदद, कूटनीतिक पहल के साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संगठित करके तालिबान पर दबाव बना सकता है। अमेरिका को अपनी विदेश नीति के केंद्र में अफगान महिलाओं के हितों को रखना चाहिए।

### बांध का जल स्तर बढ़कर साढ़े 19 फीट पहुंचा

# रूक-रूककर जारी झमाझम बारिश

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, आसमान पर छाई काली घटाएं दिनभर रूक-रूककर बरसती रहीं और इसीके चलते शहर के लोगों की वर्षभर प्यास बुझाने वाले चीलर बांध का जल स्तर भी बढ़ गया। गौरतलब है कि मानसून के सक्रिय होने के बाद आसमान पर डेरा जमाए काले बदरा लगातार रूक-रूककर बरस रहे हैं और इसीके चलते बुधवार को भी दिनभर बारिश का दौर जारी रहा और इस बारिश के कारण चीलर बांध का जल स्तर बढ़कर साढ़े 19 फीट हो गया है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आसमान से बारिश के बरसने का सिलसिला आगामी दिनों में जारी रहेगा। याने आने वाले दिनों में बांध का आंचल लबालब भरा जाने की प्रबल संभावना है।



**24 घंटों में सर्वाधिक वर्षा**

**शाजापुर में** जिले में गत दिवस से बुधवार सुबह 8 बजे तक 12.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सर्वाधिक वर्षा तहसील शाजापुर में 24 मिमी हुई है। इसी तरह तहसील मो बड़ोदिया में 6 मिमी, शुजालपुर में 9 मिमी, कालापीपल में 16 मिमी, गुलाना में 3 मिमी, पोलायकलां में 8 मिमी एवं अंवतिपुर बड़ोदिया में 21 मिमी वर्षा हुई है। इस प्रकार 01 जून 2024 से अब तक शाजापुर 870 मिमी, मो बड़ोदिया में 922 मिमी, शुजालपुर में 816 मिमी, कालापीपल में 1055 मिमी, गुलाना में 670 मिमी, पोलायकलां में 508.9 एवं अ. बड़ोदिया में 769 मिमी, इस प्रकार कुल 801.5 मिमी औसत वर्षा हुई है। जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक सामान्य वर्षा 987.7 मिमी से 186.2 मिमी कम वर्षा हुई है।

# आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं ने बच्चों को खिलाई कृमि नाशक गोली

### गोद भराई कार्यक्रम हुआ

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, ग्राम सस्ताखेड़ी में पर्यवेक्षक कौशल्या श्रीमाली, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा बुधवार को 01 से 05 वर्ष के बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाई गई एवं पोषण माह अंतर्गत ग्राम टिगरिया में गोद भराई कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें महिलाओं को विविध तरह की हरी सब्जी, मोटे अनाज, मौसमी फल को भोजन में शामिल करने की सलाह दी गई। साथ ही बारिश के मौसम में घरों के अनुपयोगी पानी की टंकी, घरों के आसपास साफ-सफाई रखने को कहा गया, ताकि बिमारियों से बचा जा सके। साथ ही परियोजना अधिकारी नेहा चौहान के नेतृत्व में पर्यवेक्षक अमिता माधुर द्वारा बज्जाहेड़ा बाईहेड़ा, लखमनखेड़ी, जाईहेड़ा, सतगांव आंगनवाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया गया। साथ ही पर्यवेक्षक सोमकला शर्मा ने सेक्टर पनवाड़ी में कृमि नाशक गोली बच्चों को और महिलाओं को



खिलाई तथा मंगल दिवस का आयोजन किया। पर्यवेक्षक प्रियंका चंद्रवशी द्वारा गर्भवती धात्री की स्वास्थ्य पर चर्चा की जांच की गई। पर्यवेक्षक श्यामा तोमर द्वारा सेक्टर लाहोरी में पोषण माह मनाया गया। पर्यवेक्षक प्रिया गोस्वामी द्वारा पोषण माह व मंगल दिवस का आयोजन कर पोषण एवं पढ़ाई पर जानकारी प्रदाय की गई। पर्यवेक्षक नीति गुप्ता ने आंगनवाड़ी केंद्र भालूखेड़ा, लोंदीचा में जल संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। पर्यवेक्षक शमरोज खान द्वारा सेक्टर पोलायकलां शहरी में गोद भराई कार्यक्रम किया। परियोजना अधिकारी ललित राठौर के नेतृत्व में ग्राम खरदोनकलां में मिशन वात्सल्य अंतर्गत एवं पोषण पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरन बालिकाओं को सुरक्षित, असुरक्षित स्पर्श एवं एनीमिया रोकथाम के लिए उचित पोष्टिक आहार लेने की समझाईश दी गई।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को

### प्रकरणों के निराकरण के लिए 15 न्यायिक खण्डपीठ गठित

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ शाजापुर,** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 14 सितंबर 2024 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शाजापुर ललित किशोर के मार्गदर्शन में शाजापुर, तहसील न्यायालय शुजालपुर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित सिविल, आपराधिक, मोटर दुर्घटना दावा, चैक बाउंस, श्रम विवाद, पारिवारिक विवाद, विद्युत, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य मामलों के साथ ही जलकर, संम्पत्तिकर, बैंक ऋण, विद्युत संबंधी प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण भी किया जाएगा। जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण शाजापुर सिराज अली ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा जिला मुख्यालय में 08 एवं



तहसील न्यायालय शुजालपुर में 07 न्यायिक अधिकारियों की कुल मिलाकर कुल 15 खण्डपीठ गठित कर सभी खंडपीठों के लिए पीठासीन अधिकारियों को भी नामित किया है। उक्त खण्डपीठ में एक-एक अधिवक्ता को सुलहकर्ता सदस्य के रूप में नामांकित किया गया है। आयोजन की तिथि पर इन्हीं खण्डपीठ के पटल पर विभिन्न मामलों को रखा जाएगा एवं आपसी सुलह समझौतों के माध्यम से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। जिला न्यायाधीश सिराज अली ने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के के लिए जिले के सभी अधिवक्ता संघों और उनके अधिवक्ता सदस्यों से प्रकरणों के निराकरण में सहयोग की अपेक्षा की है। इसके अतिरिक्त उपभोक्ता फोरम से संबंधित विचाराधीन मामलों को निपटाने के लिए जिले में पृथक से विशेष खंडपीठ क्रमांक 15 गठित की गई है। अधिवक्ता एवं पक्षकार उपभोक्ता फोरम में लंबित मामलों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते हैं तो यथाशीघ्र उपभोक्ता फोरम में संपर्क कर अपने प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखवा सकते हैं और लोक अदालत का लाभ ले सकते हैं।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

# 22 खंडपीठें करेगी प्रकरणों का निराकरण

**धीरज कुमार अहीरवाल। सिटी चीफ** दमोह, म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट के मार्गदर्शन में 14 सितम्बर 2024 दिन शनिवार को जिला दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों



का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। साथ ही नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल. की बकाया वसूली एवं नगर पालिका से संबंधित प्रिं-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जायेगा। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट ने बताया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु 01 न्यायाधीश/पीठासीन अधिकारी एवं 01 सुलहकर्ता सदस्यों को नियुक्त किया जाकर कुल 22 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाइश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने समस्त पक्षकारों से आग्रह करते हुये कहा है कि वे नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों का निराकरण कराये तथा विद्युत विभाग, बैंक, बीएसएनएल द्वारा दी जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

### अभिभाषक ने अधिकारियों को सुनाई खरी-खौटी

# स्थगन आदेश के बावजूद गोपाल गौशाला की दुकानों पर प्रशासन ने चला दिया बुलडोजर

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ** शाजापुर, न्यायालय के आदेश को नहीं मानना और मनमाने ढंग से कार्रवाई करना शाजापुर के अधिकारियों की आदत बन गई है। यही कारण है कि न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश दिए जाने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने मनमाने पूर्ण ढंग से गोपाल गौशाला की दुकानों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई कर दी, जिस पर अधिकारियों को विरोध का सामना करना पड़ा और कार्रवाई रोकना पड़ी। दरअसल प्रशासन के द्वारा नई सडक़ स्थित गोपाल गौशाला की 16 दुकानों को जर्जर मानते हुए 24 घंटे में खाली करने का नोटिस दिया गया था, जिस पर दुकानदारों के द्वारा स्थगन आदेश शाजापुर न्यायालय से लाया गया था, लेकिन बावजूद इसके बुधवार को एसडीएम मनीषा वास्कले, नगरपालिका अधिकारी मधु सक्सेना पुलिस



बल लेकर मौके पर जा पहुंचीं और दो दुकानों को बुलडोजर चलाकर जमीदोज करना शुरू कर दिया। दो दुकानों को मिट्टी का ढेर बनाने के बाद अन्य दुकानदारों से भी तुरंत दुकानों से सामान बाहर निकालने का कहते हुए कार्रवाई की बात कही। न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद की जा रही कार्रवाई की जानकारी लगने पर अभिभाषक नरेंद्र तिवारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई को गलत बताते हुए विरोध किया। इस पर एसडीएम और अभिभाषक के बीच बहस भी हुई और अंत में एसडीएम ने अभिभाषक को थाने ले जाने का फरमान सुना दिया। हालांकि पुलिस अभिभाषक को अपने साथ ले गई और बाद में वापस छोड़ दिया। अभिभाषक तिवारी ने बताया कि जिला न्यायालय द्वारा दुकानों के तोडने् पर स्थगन आदेश दिया गया है, परंतु अधिकारियों ने मनमाने ढंग से कार्रवाई कर न्यायालय के आदेश की अवमानना की जिसको लेकर अब कोर्ट में केस दायर कराया जाएगा।

**कार्रवाई पर बोलने से बचते नजर आए अधिकारी**

गोपाल गौशाला की दुकानों के जर्जर होने की बात कहते हुए प्रशासन ने दुकानदारों को नोटिस जारी कर 24 घंटे में दुकानें खाली करने का अल्टीमेटम दिया। दुकानदारों ने प्रशासन के इस आदेश पर न्यायालय से स्थगन आदेश मांगा। न्यायालय ने विवादित दुकानों की स्थिति यथावथ रखने की बात कहते हुए स्थगन आदेश दे दिया, किंतु बावजूद इसके एसडीएम मनीषा वास्कले और नपा अधिकारी मधु नायक ने बुलडोजर लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। कार्रवाई का विरोध होने पर अधिकारी मौके से गायब हो गए और कुछ भी कहने से बचते नजर आए। अधिकारियों को अभिभाषक ने जमकर खरी-खौटी सुनाई।

# दमोह में 07 इंच से अधिक वर्षा अपने आप में एक दिन का रिकार्ड है - कलेक्टर

### जिला प्रशासन की टीम सतत निगरानी कर रही है

**धीरज कुमार अहीरवाल । सिटी चीफ** दमोह, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है पिछले लगभग 24 घंटों में दमोह में 07 इंच से भी अधिक वर्षा हो चुकी है, जो कि अपने आप में 1 दिन का रिकॉर्ड है, काफी भारी वर्षा हुई है और भारी वर्षा होने से निश्चित रूप से अनेक जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी है। कलेक्टर ने कहा जिला प्रशासन की पूरी टीम कल रात से सक्रिय है और जहाँ-जहाँ जल भराव बहुत अत्यधिक हो रहा है वहाँ पर जाकर के जहाँ-जहाँ निकासी की व्यवस्था हो सकती है, वो लगातार कराई जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में, शहरी क्षेत्रों में यथा बजरिया वार्ड नम्बर 07 है, बटियागढ़ में केरबना है और कुछ एक दो जगह है जहाँ पर लोगों को शिफ्ट करने की स्थिति बनी है, वहाँ पर उनको नजदीकी सामुदायिक भवन, स्कूल, आंगनवाड़ी या पंचायत भवन में उनको शिफ्ट करने का काम किया और उनके लिये भोजन, पानी, आवास, बिजली सभी की व्यवस्था सुनिश्चित की है।



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जहाँ पर नदियों में यथा व्यारमा, सुनार, कोपरा है, बाकी जो भी बड़ी नदियां है, उन नदियों पर लगातार अधिकारी निगरानी रखे हुए हैं, एसडीएम और राजस्व की पूरी टीम, जिला पंचायत के सीईओ, जनपदों के सीईओ और सभी लोग उन जगहों पर निगरानी रखे हुये है, यदि मान लीजिए अधिक जल भराव की स्थिति और बाढ़ की स्थिति बनती है तो तत्काल लोगों को रेस्क्यू किया जा सके, ऐसे क्षेत्रों में खास तौर से हटा में इस तरह की स्थिति है, तो वहाँ के लोगों को आइडेंटिफाइ कर लिया गया है और उनकी पूरी तैयारी करा दी गई यदि आज बारिश तेज होती है तो उनको तत्काल शिफ्टिंग का काम किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा एक महिला की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से आई थी, उस महिला के लिए हमारी मेडिकल टीम वहाँ पर पहुंची और उसकी स्वस्थ रूप से डिलेवरी हो गई और जैसे ही पानी उतरता है, तो उनको अस्पताल में लाकर के पूरा चेकअप उनका करा लिया जायेगा, यह व्यवस्था की जा रही हैं। कलेक्टर ने कहा जिले में जो डैम है जैसे सीतानगर, पंचम नगर, सतधरू, पगरा हो ये सभी के गेट खुलने की स्थिति है, कल देर रात से और आज सुबह के बीच में गेट खुले है और गेट खुलने के कारण जल यहाँ सुनार के पास आता हैं तो खास तौर से सुनार नदी के पास एरिया बहुत बड़ा हो जाता है, इस कारण से यहाँ पर जल स्तर एकदम तेजी से बढ़ता है, उस पर भी निगाह रखे हुए हैं और जहाँ पर भी वर्षा कम होती है, तो फिर वह गेट बंद करने की कार्रवाई की जाएगी ताकि अतिरिक्त जल भराव की स्थिति बिल्कुल न हो।

कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों को निर्देशित किया है कि वह पुल के ऊपर जहाँ पर पानी गुजर रहा है वहाँ से ना जाए, अभी एक बस के जाने की बात आई थी, परिवहन अधिकारी को कहा है की इस बस के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की जाए और इनका परमिट रद्द कर दिया जाए और भविष्य में इनको काली सूची में डाला जाए, यह कार्रवाई की जा रही हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है नदियों के पास ना जाए, जहाँ पर जल भरा हुआ है वहाँ पर अनावश्यक रूप से ना घूमें उनकी जान को खतरा हो सकता है, इससे बचे रहे। जहाँ-जहाँ पानी भर रहा है, जहाँ की शिकायतें आ रही हैं, जिला प्रशासन की टीम लगातार काम कर रही है और लोगों के लिए राहत पहुंचाने का काम कर रही है। कलेक्टर ने कहा अधिक बारिश के कारण किसी की फसलें नष्ट हुई हैं, फसलें खराब हो गई हैं या फिर किन्ही के घर टूटे हैं, इनका हम सर्वे कराएंगे और जो भी पात्र लोग होंगे उन सबको तदानुसार सहायता दी जाएगी। सभी लोग बिल्कुल निश्चिंत रहे, सर्वे करके सहायता देने का काम पूरी तरह से किया जायेगा।

# नियमों की अनदेखी कर छात्रावास के प्रभारी नियुक्त

### पिछले एक वर्ष से छात्रों के साथ हो रहा है अन्याय

**सुशिल सोनी | सिटी चीफ |** कोतमा, अनूपपुर जिला के कोतमा अंतर्गत बुढानपुर ग्राम में शासकीय बालक आश्रम में पिछले वर्ष जुलाई माह से संतोष चौबे को छात्रावास का प्रभार देकर नियमों का उल्लंघन की जानकारी सामने आया है बताया जाता है कि जुलाई 2023 में शासकीय बालक आश्रम बुढानपुर के अधीक्षक राम भरोसे रैदास का सडक दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे जिन कारण तात्कालिक व्यवस्था के लिए उत्कृष्ट विद्यालय में पदस्थ संतोष चौबे को प्रभार दे दिया गया था जो कि नियम विरुद्ध है ज्ञात रहे की छात्रावास में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र विद्यालय में अध्यनरत रहते हैं जिनके रहने की व्यवस्था शासन ने छात्रावास में कर रखी है जिनके अभिभावक के रूप में छात्रावास के अधीक्षक को नियुक्त किया गया है किंतु शासकीय बालक आश्रम बुढानपुर में अधिकारियों ने नियमों को ताक में रखकर संतोष चौबे को जो कि एक सामान्य परिवार के शिक्षक को प्रभार देकर शासकीय नियमों का खुलेआम आदिवासी जिले में उल्लंघन किया गया है ज्ञात रहे की ग्रामीण क्षेत्र के आदिवासी छात्र अपनी दैनिक व्यथा अभिभावक के रूप में अधीक्षक को बताने का प्रयास करते हैं किंतु आदिवासी छात्रों की भाषा या उनकी पीड़ा संतोष चौबे ना समझ कर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है जिसे छात्रों का पढ़ने में मन नहीं लग रहा है जिस कारण छात्रों के माता-पिता ने मध्य प्रदेश के मंत्री एवं कोतमा के क्षेत्रीय विधायक दिलीप जायसवाल को शिकायत की है कि संतोष चौबे को हटाकर पिछले एक वर्ष से संतोष चौबे के कार्यकाल की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाय।

# बहुचर्चित बाजार क्षेत्र कृषि उपज मंडी में अतिक्रमित तीन मंजिला मकान धराशाई होगा?

**सुशिल सोनी | सिटी चीफ**

कोतमा, बहु चर्चित बाजार क्षेत्र कृषि उपज मंडी की भूमि पर धन और बल बूते राजेश सोनी पिता राम रूद्र सोनी निवासी आजाद चौक वार्ड क्रमांक 3 द्वारा तीन मंजिला मकान बनाकर कृषि मंडी के भूमि पर कब्जा कर लिया था जिसका मामला विभिन्न न्यायालय में चला जहां पर सभी न्यायालय में राजेश सोनी के दावे खारिज कर दिए गए बताया जाता है कि व्यवहार न्यायालय न्यायाधीश वरिष्ठ खंड कोतमा जिला अनूपपुर के द्वारा 3 सितंबर 2024 को राजेश सोनी द्वारा प्रस्तुत व्यवहारवाद क्रमांक आर. सी.एस.ए./ 41/ 2014 जिसमें स्वत्वघोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था जिसे न्यायालय ने 3 सितंबर 2024 को दावा खारिज कर दिया है ज्ञात रहे की नंदकुमार शुक्ला पिता ददन प्रसाद शुक्ला निवासी ओ.सी. सेक्टर रामनगर जिला अनूपपुर मध्य प्रदेश द्वारा राजेश सोनी पिता राम रूद्र सोनी निवासी कोतमा एवं मध्य प्रदेश शासन के विरुद्ध प्रस्तुत जनहित याचिका क्रमांक 4928/12 में उच्च न्यायालय जबलपुर के समक्ष यह तथय उठाया गया कि राजेश सोनी आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है के द्वारा ग्राम कोतमा की शासकीय आराजी खसरा क्रमांक 116/1 ख रकवा 0.101 हेक्टेयर के अंश भाग 12 गुणा 50 वर्ग फीट भूमि पर अवैध रूप से तीन मंजिला मकान बनाकर एवं खसरा क्रमांक 116/ 2 के अंश भाग 0.008 हेक्टर स्वीकृत स्थाई लीज से अधिक भूभाग पर अप्राधिकृत रूप से धन और बल के आधार पर कब्जा कर मकान का निर्माण कराया गया है उच्च न्यायालय जबलपुर ने 9 अप्रैल 2014 को निर्देशित किया गया कि राजेश सोनी द्वारा ग्राम कोतमा की शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए एवं अतिक्रमण मुक्त किया जाए जिसको लेकर तात्कालिक जिला कलेक्टर अनूपपुर नंदकुमारम ने कार्यवाही करते हुए तहसीलदार कोतमा को बाजार क्षेत्र कृषि उपज मंडी के भूमि पर कब्जाधारी राजेश सोनी के कब्जा से तीन मंजिला मकान से अतिक्रमण मुक्त कराए जाने का आदेश दिया गया था, अब क्योंकि 3 सितंबर 2024 को न्यायालय ने उक्त निषेधाज्ञा आदेश को निरस्त कर दिया है अत: तत्कालीन कलेक्टर नंदकुमारम काआदेश प्रभावशील है जिसे पूरा करना तहसीलदार कोतमा की जिम्मेदारी बनती है तो क्या यह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उक्त अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चला कर बेस कीमती बाजार क्षेत्र कृषि उपज मंडी की भूमि को प्रशासन अपने अधिपत्य में ले सकेगा या एक बार पुन: अपराधियों एवं बाहुबलियों के धन बल के समक्ष नतमस्तक होकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# ताला तोड़कर लैपटॉप और नगर चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी की कब्जे से एक लैपटॉप और नगद बरामद





**सुनील यादव । सिटी चीफ** कटनी, कोतवाली पुलिस ने हनुमानगंज स्थित ज्वाला चक्की के पास एक दुकान में हुई चोरी का पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इंद्रा नगर निवासी संदीप निषाद को गिरफ्तार किया गया है। टीआई आशीष शर्मा ने बताया कि आरोपी के कब्जे से एसआर कम्पनी का लेपटॉप भी बरामद किया गया है। विदित हो कि किन्हीं अज्ञात चोरों ने विगत 3-4 सितम्बर की दरम्यानी रात एक दुकान की शटर में लगे ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले की रिपोर्ट रंगेश गोयनका द्वारा दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति की तलाश शुरू की। टीआई श्री शर्मा ने बताया कि फुटेज में दिख रहे व्यक्ति संदीप निषाद निवासी इंद्रा नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। उनकी निशानदेही पर चोरी का लेपटॉप भी जब्त किया गया है। चोरी की वारदात का पर्दाफाश करने में एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, एएसपी डॉ संतोष डेहरिया एवं सीएसपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में टीआई आशीष शर्मा एवं स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# नशामुक्ति के प्रभावी जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जांए - जिपं. सीईओ

## अनुपपुर जिला चिकित्सालय में नशामुक्ति केन्द्र की स्थापना के दिए गए निर्देश



**यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ** अनूपपुर, नशामुक्ति के लिए राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर नशे से छुटकारे के लिए लोगों को प्रेरित करने के सार्थक प्रयास सुनिश्चित किए जांए। नशे के दुष्प्रभाव के संबंध में प्रभावी जनजागरूकता कार्यक्रम जनसहभागिता से किया जाना आवश्यक है। उक्ताशय के निर्देश जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में नशामुक्ति क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। बैठक में सामाजिक न्याय विभाग के प्रभारी उप संचालक श्री के.के. सोनी तथा जनजातीय कार्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, योजना आर्थिक सांख्यिकी, जनसम्पर्क, पिछड़ा वर्ग, शहरी विकास अभिकरण, जिला शिक्षा केन्द्र तथा नगरपालिका के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में नशामुक्ति के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक जैसे प्रभावकारी जनजागरूकता कार्यक्रम तथा स्कूलों, छात्रावासों में नशामुक्ति से संबंधित व नशा के दुष्परिणाम से संबंधित वीडियो फिल्म का प्रदर्शन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनजातीय कार्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग को प्रभावी कार्यक्रम के संबंध में निर्देश दिए गए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने जिला चिकित्सालय परिसर में नशामुक्ति केन्द्र खोले जाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तिथियों के निर्धारण तथा वृद्धाश्रम की व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने के संबंध में सामाजिक न्याय विभाग को निर्देशित किया गया।

# अनुपपुर कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ फड़ पर रेड, पांच आरोपी गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस द्वारा जुआ फड़ पर रेड ,पांच आरोपी गिरफ्तार 5750 रूपये जप्त।



**यशपाल सिंह जाट । सिटी चीफ** अनूपपुर, मंगलवार की देर रात टी. आई.कोतवाली अरविंद जैन को मुखबिर से प्राप्त सूचना पर भेजी गई पुलिस टीम उपनिरीक्षक प्रवीण साहू, सउनि. आशीष सिहं, स.उ.नि. सतानंद कोल, प्र.आर. 150 राजेश कंवर, चा.प्र.आर. 22 दिनेश, आर. 205 गुपाल यादव, आर. 514 राजेश बड़ोले द्वारा अनूपपुर नगर में शान्ति नगर वार्ड न. 10 में शाहरूख खान के घर पर रेड कर पांच आरोपियो को ताश के पत्तो पर दांव लगाकर जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया। मौके पर पकड़े गये संतोष गुप्ता पिता ललुआ प्रसाद गुप्ता उम्र 47 वर्ष निवासी रामपुर थाना अमलई जिला शहडोल, शाहरुख खान पिता सलीम खान उम्र 31 वर्ष नि शान्तिनगर वार्ड नं. 10 थाना कोतवाली अनूपपुर, रामप्रसाद राठौर पिता टेकमणि राठौर उम्र 46 वर्ष नि. बरी थाना कोतवाली जिला अनूपपुर, अमित कुमार सोनी पिता आर.पी. सोनी उम्र 35 वर्ष नि वार्ड नं.09 अनूपपुर, उमा शंकर सोनी पिता मुन्नालाल सोनी उम्र 34 वर्ष नि. वार्ड नं 02 अनूपपुर के कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं कुल 5750 रूपये जप्त किया जाकर आरोपियो के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर गिरफ्तार किया गया है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का पुनः निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष बने दीपक राज सिंघल

## सहारनपुर इकाई द्वारा किया गया स्वागत - अभिनंदन



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ** सहारनपुर, देवबंद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पुन: प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर दीपक राज सिंघल का नगर इकाई द्वारा स्वागत-अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अश्वनी मित्तल ने कहा कि आगरा में व्यापार मंडल के विशाल सम्मेलन एवं वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से दीपक राज सिंघल पुन: उपाध्यक्ष चुने गए हैं। यह हम सबके लिए गर्व की बात है। वह हमेशा हम सब के दुख सुख के साथी है। नगर महामंत्री चौधरी सतवीर सिंह, कोषाध्यक्ष वरियाम खान ने कहा कि दीपक राज सिंघल मिलनसार, मृदुभाषी एवं सबके लिए हर वक्त उपलब्ध है, उनका चुना जाना व्यापारी समाज की मजबूती है। कार्यक्रम में दीपक राज सिंघल को नगर इकाई के संरक्षक विजय गिरधर ने अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अश्वनी मित्तल, महामंत्री चौधरी सतवीर सिंह, कोषाध्यक्ष वरयाम खान ने दीपक राज सिंघल को बुके भेंट की एवं समस्त उपस्थित व्यापारियों ने माल्यार्पण कर स्वागत- अभिनंदन किया। इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में विजय गिरधर, राजन छाबड़ा, अश्वनी मित्तल, चौधरी सतवीर सिंह, वरयाम खान, अमित सोनी, मोहम्मद मुरसलीन, संजय गोयल, मोहम्मद शाहिद, अमित चौधरी, शिवांशु मित्तल, शिवम सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता की थीम पर आयोजित होगा स्वच्छता पखवाड़ा

## ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर चलाया जाएगा स्वच्छता अभियान, लगाए जाएंगे सफाई मित्र सुरक्षा शिविर



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ** सहारनपुर, जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक एवं नगरीय निकायों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा 2024 स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता पखवाडे के आयोजन के संबंध में बैठक आहूत की गयी। डॉ0 अर्चना द्विवेदी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन की 10 वीं वर्षगांठ पर स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता की थीम पर 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस का समारोह मनाए जाने हेतु ग्रामीण क्षेत्र में 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक तथा नगरीय निकायों में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित किया जा रहा है। इस पखवाडे के माध्यम से स्वच्छता के लिए बडी संख्या में नागरिकों की भागीदारी, परम्परागत कचरा वाले चुनौतिपूर्ण स्थलों को चिन्हित करके उन्हें साफ करने का वृहद अभियान चलाने, स्वच्छता कर्मियों के योगदान को पहचानने, पिछले दशक की उपलब्धियों का उत्सव मनाने के साथ ही सम्पूर्ण स्वच्छता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सुनिश्चित की जाएगी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाईमित्र सुरक्षा शिविर इस अभियान के तीन प्रमुख स्तम्भ है। स्वच्छता की भागीदारी के अन्तर्गत नागरिकों, समुदायों एवं संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जन जागरूकता, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता से संबंधित प्रतियोगिताएं, वाकथॉन, मैराथन, वृक्षारोपण इत्यादि विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सम्पूर्ण स्वच्छता के अन्तर्गत श्रमदान के माध्यम से सम्पूर्ण स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी जिससे स्वच्छता हेतु लक्षित इकाईयां जैसे ब्लैक स्पॉट का चिन्हीकरण व साफ-सफाई अनिवार्य रूप से सम्मिलित की जायेंगी। नागरिकों को श्रमदान के साथ मेगा स्वच्छता अभियान जिसमें की ग्रामीण क्षेत्रों के सामान्य सफाई पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। सामुदायिक परिसम्पत्तियों जैसे जल निकायों, मार्गों, वाहन स्टैण्डों, स्टेशनों, कचरा डम्पिंग स्थलों एवं आरआरसी केन्द्रों इत्यादि को सम्मिलित किया जाएगा। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के अन्तर्गत सफाई कर्मियों एवं सफाई कार्य में लगे श्रमिकों की स्वास्थ्य जांच हेतु स्वास्थ्य एवं कल्याण शिविर का आयोजना किया जाएगा। जिसमें सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपचार केन्द्र कैम्पों को राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के समन्वय से आयोजित कराया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रणय कृष्ण, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा, बीडीओ एवं ईओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### भाजपा के सदस्यता अभियान के अंतर्गत गांव चौंदाहेड़ी में 35 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई

# कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान भी किया गया



**गौरव सिंघल । सिटी चीफ सहारनपुर** । देवबंद, भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत चौंदाहेड़ी गांव में 35 लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने रक्तदान भी किया। कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष और ग्राम प्रधान कुलबीर सिंह ने संगठन की सदस्यता ग्रहण कराते हुए नए सदस्यों से पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा में देश उन्नति के पथ पर लगातार अग्रसर है। पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता के चलते लगातार संगठन में नए लोग शामिल हो रहे हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान ने रक्तदान करने वाले 35 लोगों को प्रमाण पत्र के साथ ही उपहार स्वरूप हेलमेट वितरित किए और रक्तदान को महादान बताते हुए सभी से रक्तदान करते रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर विनय पंवार, संदीप, अंकित कुमार, विजित, रजत व गौरव आदि मौजूद रहे।

### भारतीय किसान यूनियन पथिक ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा

# गन्ना मूल्य, पेंशन में वृद्धि समेत अन्य मांग



**गौरव सिंघल | सिटी चीफ |** देवबंद (सहारनपुर), भारतीय किसान यूनियन (पथिक) ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। मंडल अध्यक्ष चौ. शेर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में काफी संख्या में किसान एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम देवबंद अंकुर वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बढ़ती लागत व महंगाई को देखते हुए गन्ना मूल्य 500 रुपये और चीनी का भाव 4500 रुपये कुंतल घोषित किए जाने, किसान-मजदूरों की वृद्धा पेंशन तीन हजार रुपये करने, वृद्धावस्था की उम्र 50 वर्ष करने, लघु व सीमांत किसानों का बैंकों से लिया दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ करने, किसान सम्मान निधि की राशि 12 हजार रुपये करने, बिजली की दरें घटाकर तीन रुपये यूनिट करने तथा बकाया

बिलों पर पैनल्टी माफ करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार, अनिल कुमार, नरेंद्र सिंह, रमेश, सुरेंद्रपाल, विनोद, चंद्रशेखर, विजय, मांगेराम आदि शामिल रहे।

# जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में मिताली गौड़ व दिव्या शर्मा का शानदार प्रदर्शन

## मिताली का दुसरी व दिव्या का चौथी बार राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



**एजाज़ अहमद उस्मानी | सिटी चीफ** मेड़ता रोड, जारोड़ा के राउमावि जारोड़ा खुर्द में चल रही 68 वी जिलास्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में मिताली गौड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में दुसरी बार व दिव्या शर्मा ने चौथी बार राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जगह हासिल की।एसबीएन स्कूल नागौर के टीम प्रभारी प्रिकांक्षा देवड़ा व कोच अनिल प्रजापत ने बताया कि मिताली गौड़ का लगातार दूसरी बार राज्यस्तर पर चयन हुआ है।19 छात्रा वर्ग में दिव्या शर्मा पार्श्वनाथ स्कूल मेड़तारोड,हर्षिता रतन बहन स्कूल नागौर,मनीषा एसबीएन स्कूल मेड़तारोड, मिताली गौड़ एसबीएन स्कूल नागौर, महिमा एसबीएन स्कूल नागौर का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ।17 छात्रा वर्ग में पुर्वी एलकेएस स्कूल गोटन, कोमल एसबीएन स्कूल मेड़तारोड,पुजा एलकेएस स्कूल गोटन,उर्मिला राउमावि गोगेलाव, भव्या मॉडल स्कूल जायल का राज्य स्तर पर चयन हुआ।वही 19 आयु वर्ग में प्रंज्ञाश टाक आशापुर्णा स्कूल मेड़तारोड,सोमिल एलकेएस स्कूल गोटन,रिषभ चपलोत एलकेएस स्कूल गोटन,यश पारीक एसबीएन स्कूल नागौर,यश बजाज एलकेएस स्कूल गोटन का राज्य स्तर चयन हुआ है।वही 17 आयु वर्ग में अन्मय मुंदड़ा एलकेएस स्कूल गोटन,दक्ष परवाल,कल्प एलकेएस स्कूल गोटन,वैद एलकेएस स्कूल गोटन,श्रेष्ठ एलकेएस स्कूल गोटन का राज्य स्तर पर चयन हुआ। वही बुधवार को 63वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन की प्रतियोगिता का समापन समारोह भी आयोजित किया गया। इस दौरान शाला के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियांभी दीं। कार्यक्रम को खेल अधिकारी सोहनलाल गोदारा, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा कलां के प्रधानाचार्य मोहम्मद अख्तर नदीम तथा मेड़ता सीबीईओ गोविंद राम बेड़ा सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया।इस दौरान खेल अधिकारी सोहनलाल गोदारा,जगदीश ईनाणिया,ईसीबीईओ गोविंदसिंह बेड़ा, पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पीइईओ मो.अखतर नदीम, संयोजक मदनलाल चौधरी,मो.अखतर नईम,जितेन्द्र सिंह चौधरी,ओमप्रकाश कटारिया,अशोक टाक,ओपेन्दरसिंह,श्रीराम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### माहौल खराब करने 115 को माहौल बिगाड़ने के लिए उतारा, डिंपल गर्ल से लेकर कैरिन जोधा और शशारा जैसे कई नामों का इस्तेमाल

# कश्मीर चुनाव के खिलाफ पाकिस्तान ने रची साजिश




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में हो रहे चुनावों को लेकर पाकिस्तान में बड़ी छटपटाहट शुरू हो गई है। इसी छटपटाहट के चलते पाकिस्तान ने 115 लोगों को जिसमें कुछ असली और कुछ नकली को चुनाव में माहौल खराब करने का टास्क दिया है। ये सभी 115 लोग सोशल मीडिया के साथ साथ ग्राउंड पर पीओके से लेकर पाकिस्तान और अमेरिका से लेकर दुनिया के अलग आग मुल्कों से माहौल खराब करने की फिराक में हैं। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि पाकिस्तान ने घाटी के अलगाववादी नेता के नाम पर भी यूथ को गुमराह करने के लिए प्रोपेगेंडा तैयार किया है। उसके आधार पर लोगों को भड़काए जाने की साजिश है। वहीं डिंपल गर्ल से लेकर कैरिन जोधा और शशारा जैसे कई नामों का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया से युवाओ को गुमराह करने की तैयारी की है।

**एक बार फिर पुराना हथकंडा अपनाया**

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जम्मू कश्मीर के चुनावों में माहौल खराब करने के लिए पाकिस्तान ने एक बार फिर पुराना हथकंडा अपनाया है। इसके लिए पाकिस्तान ने इस्लामाबाद से लेकर लाहौर और कराची से लेकर पीओके में आईएसआई के गुर्गों को टास्क देकर घाटी के लोगों खासकर यूथ को चुनाव में उकसाने की योजना बनाई है। इसके लिए पाकिस्तान ने 115 सोशल मीडिया अकाउंट को सक्रिय कर दिया है। खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक ये वो सोशल मीडिया अकाउंट्स हैं जिनको पाकिस्तान अपने अनुसार घाटी में माहौल खराब करने के लिए इस्तेमाल करता है। इस बार चुनाव को निशाना बनाते हुए फिर से इन अकाउंट्स को सक्रिय कर दिया है।

**अकाउंट्स सक्रिय कर घाटी में सोशल मीडिया के माध्यम से बिगाड़ेंगे फिजा**

केंद्रीय खुफिया एजेंसियों को मिली जानकारी के मुताबिक 45 एक्स के अकाउंट्स, 30 अकाउंट्स इंस्टा और बाकी फेसबुक के अकाउंट्स पर एक ही भाषा शौली के संदेश बढ़ाए जाने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक इन अकाउंट्स की ओर से पाकिस्तान ने अलगावादी नेता सैयद अली शाह गिलानी की बरसी पर कश्मीर के युवाओं को भड़काने का पूरा खाका खींचा है। मिली जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान की ओर से इन सभी अकाउंट्स को गिलानी के नाम पर भड़काने और चुनाव में एक विशेष दल का समर्थन करने या बहिष्कार करने की भूमिका बनानी शुरू की है।

इसके अलावा पाकिस्तान ने इस 115 लोगों के नाम पर तैयार किए गए अकाउंट्स को सक्रिय कर घाटी में सोशल मीडिया के माध्यम से फिजा बिगाड़ने की तैयारी की है।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया की चुनाव में माहौल खराब करने के लिए कैरिन जोधा फिशर, वहीद खान, कश्मीर उर्दू, कश्मीरी टेल्स, डिंपल गर्ल, शशारा जैसे कई नामों के साथ पाकिस्तानी प्रोपेगेंडा चलाया रहा है। खुफिया एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक इनमें कुछ ऐसे अकाउंट भी हैं जो घाटी में पहले भी और कई मौकों पर पाकिस्तानी एजेंडे को आगे बढ़ाते रहे हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ने कश्मीर में हो रहे चुनावों को लेकर जेल में बंद आतंकियों की भी हिमायत की हैं। इस कड़ी में पाकिस्तान के सरकारी रेडियो की ओर से भी पूरा प्रोपेगेंडा फैलाया गया है। जिसमें जेल में बंद आतंकियों का खुलकर जिक्र और उनकी हिमायत की जा रही है। फिलहाल केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अधिकारियों के मुताबिक जो सोशल मीडिया अकाउंट माहौल खराब कर रहे थे उनके ऊपर तो प्रतिबंध लगा दिया गया है। ताकि पाकिस्तान का प्रोपेगेंडा अपने मंसूबों में सफल न हो। इसके अलावा जो लोग घाटी में पाकिस्तान के इन मंसूबों को आगें बढ़ा रहे थे उनको भी ट्रैक किया गया है और उन पर शिकंजा कसा गया है।

### बांग्लादेश में यूनुस सरकार का फरमान, दयनीय हुई हिंदुओं की हालत

# अजान से 5 मिनट पहले बंद करना होंगे पूजा पंडालों के लाउडस्पीकर





**ढाका।** बांग्लादेश में भड़की हिंसा के बाद वहां हिन्दुओं की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। पीएम मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार मोहम्मद यूनुस से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया था। अब खबर आई है कि बांग्लादेश सरकार ने आदेश जारी किया है कि दुर्गा पूजा पंडालों में होने वाले अनुष्ठान के वक्त इस्तेमाल किए वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट और लाउडस्पीकर अजान और नमाज के वक्त बंद किए जाएं। बांग्लादेश की सरकार के इस फरमान का अब विरोध किया जा रहा है।

बांग्लादेश ट्रिब्यून में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने आदेश जारी किया कि दुर्गा पूजा मंडपों में इस्तेमाल होने वाले म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट और लाउडस्पीकर अजान और नमाज के वक्त बंद किए जाएं। उन्होंने अपने आदेश में यह भी कहा कि अजान से पांच मिनट पहले म्यूजिक सिस्टम को बंद करना अनिवार्य होगा। बांग्लादेश चूंकि पश्चिम बंगाल के निकट है इसलिए वहां रहने वाले हिंदुओं में मां दुर्गा के प्रति असीम श्रद्धा है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस साल बांग्लादेश में 32,666 पूजा पंडाल स्थापित किए जाएंगे, जिनमें ढाका दक्षिण सिटी में 157 और उत्तर सिटी कॉर्पोरेशन में 88 पंडाल शामिल हैं। पिछले साल यह संख्या 33,431 थी, लेकिन इस साल यह संख्या कम हुई है। जाहिर है इस बार यह कटौती वहां रहने वाले हिंदुओं की स्थिति की वजह से हुई है।

**फरमान का भारत में विरोध शुरू**

बांग्लादेश के इस फरमान के बाद भारत में विरोध शुरू हो गया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता राधारमण दास ने इस आदेश का विरोध किया है। एक ट्वीट में उन्होंने लिखा, बांग्लादेशी गृह मंत्री के सलाहकार निर्देश दे रहे हैं कि हिंदुओं को अजान से 5 मिनट पहले अपनी पूजा, संगीत और कोई भी अनुष्ठान बंद कर देना चाहिए - अन्यथा गिरफ्तारी का सामना करना पड़ेगा। ये नया तालिबानी बांग्लादेश है।

**यूनुस ने दिया था सुरक्षा का आश्वासन**

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस ने 16 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की थी। इस बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यूनुस से अनुरोध किया था। यूनुस ने आश्वासन दिया था कि बांग्लादेश सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देगा। मगर हाल के दिनों में, यूनुस ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश के हिंदुओं पर हुए हमलों की भारतीय मीडिया में बढ़ा-चढ़ा कर रिपोर्टिंग की गई है।

# आम आदमी पार्टी ने जारी की चौथी सूची, 21 उम्मीदवारों को दिया टिकट



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी है। चौथी सूची में कुल 21 उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। इससे पहले आम आदमी पार्टी की तरफ से पहली सूची में 20 प्रत्याशी, दूसरी में नौ और तीसरी में 11 उम्मीदवारों का एलान किया था। वहीं, चौथी लिस्ट में 21 उम्मीदवारों को टिकट देने के बाद आप के कुल प्रत्याशियों की संख्या 61 हो गई है। 12 सितंबर प्रत्याशियों के नामांकन की अंतिम तारीख है। इससे पहले आप को अब 29 और उम्मीदवारों का एलान करना है।

आप आदमी पार्टी की तरफ से अंबाला कैंट सीट से राज कौर गिल, यमुनानगर से ललित त्यागी, लाडवा से जोगा सिंह, कैथल से सतबीर गोयत, करनाल से सुनील बिंदल, पानीपत ग्रामीण से सुखबीर मलिक, गनौर से सरोज बाला राठी, सोनीपत से देवेंद्र गौतम, गोहाना से शिव कुमार रंगीला, बरोदा से संदीप मलिक, जुलाना से कविता दलाल, सफीदों से निशा देशवाल, टोहाना से सुखविंदर सिंह गिल, कलांवली से जसदेव निक्का, सिरसा से श्याम मेहता को टिकट दिया गया है। आम आदमी पार्टी की तरफ से सिरसा से प्रत्याशी बनाए गए (69) श्याम सुंदर मेहता 30 साल से सक्रिय राजनीति में है। वर्ष 2014 में हरियाणा जनहित कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा था। दो साल पहले वह कांग्रेस को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। मौजूदा समय में आप के जिला सचिव है। श्याम सुंदर मेहता के लंबे राजनीतिक अनुभव के कारण आप ने उन्हें सिरसा से पार्टी का उम्मीदवार बनाया है। वह 12वीं तक पढ़ें हैं।

**कांग्रेस की विनेश के सामने हार्ड केडी लेडी कविता दलाल**

आप ने पहलवान कविता दलाल को जुलाना से टिकट दिया है। कविता दलाल को कांग्रेस की उम्मीदवार विनेश फोगाट के सामने उतारा गया है। कविता मूल रूप से जुलाना विधानसभा क्षेत्र के गांव मालवी की रहने वाली हैं। वह डब्ल्यूडब्ल्यूई की रेसलर रह चुकी हैं। उनको हार्ड केडी लेडी के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने डब्ल्यूडब्ल्यूई की ट्रेंनिंग खली से ली थी। दो साल पहले कविता दलाल ने खेलों से किनारा कर लिया और आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर ली। कविता दलाल आम आदमी पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रही हैं। वह जुलाना विधानसभा क्षेत्र में वह काफी समय से सक्रिय हैं। कांग्रेस की महिला खिलाड़ी से राजनेता बनी विनेश फोगाट का मुकाबला करने के लिए कविता दलाल को यहां मैदान में उतारा गया है।

### आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी

# 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को मिलेगा 5 लाख तक का मुफ्त इलाज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ये फैसला बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। अब इस मंजूरी के बाद, 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को इस योजना के तहत हर साल 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रमुख योजना आयुष्मान भारत प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत आय की परवाह किए बिना 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवरेज को मंजूरी दे दी है। इसका लक्ष्य छह 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों वाले लगभग 4.5 करोड़ परिवारों को पारिवारिक आधार पर 5 लाख रुपये के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवर से लाभान्वित करना है। एबी-पीएमजेएवाई पहले से ही करीब 55 करोड़ लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करा रही है। ये दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसका मकसद हर साल 12 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य कवर देना है, ताकि उन्हें द्वितीयक और तृतीयक अस्पतालों में भर्ती होने की जरूरत पड़ने पर मदद मिल सके। इस नई घोषणा के बाद अब 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को इस योजना का सीधा फायदा होगा। बीते दिनों राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद को संबोधित करते हुए कहा था कि सरकार का उद्देश्य है कि 70 साल से ज्यादा उम्र के हर बुजुर्ग को इस योजना का लाभ मिले और वे मुफ्त इलाज पा सकें। इस फैसले से बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और उनके इलाज का बोझ उनके परिवारों पर कम होगा।

### जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता

# जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के बसंतगढ़ के ऊपरी इलाकों में जारी मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) संगठन से जुड़े दो आतंकवादी मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। घने जंगल में आतंकवादियों के खिलाफ यह पहला सफल अभियान है, जहां पिछले छह महीनों में छह से अधिक मुठभेड़ हो चुकी हैं। गत 28 अप्रैल को मुठभेड़ में एक ग्राम रक्षा रक्षक और 19 अगस्त को एक सीआरपीएफ इंस्पेक्टर की जान चली गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि एक और आतंकवादी खंडरा टॉप पर अभियान क्षेत्र में छुपा हुआ है और उसे मार गिराने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि इलाके में छिपे आतंकवादियों ने दोपहर लगभग 12.50 बजे तलाशी दल पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। सेना ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राइजिंग स्टार कोर के जवानों के साथ खंडरा में जारी मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये। बीते महीने जम्मू और कश्मीर पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए थे, जिन्हें कठुआ जिले के ऊंचे इलाकों में ढोक (मिट्टी के घरों) में देखा गया था। पुलिस ने उनके बारे में विश्वसनीय जानकारी देने वाले को 20 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी।

**जारी किए हैं चार आतंकवादियों के स्केच**

बता दें कठुआ जिले में 8 जुलाई को माचेडी के सुदूर वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घातक हमला किया गया था। इस हमले में एक जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ) सहित पांच सैनिक शहीद हो गए थे। व्यापक तलाशी अभियान के बावजूद, पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े कश्मीर टाइगर्स के आतंकवादी अभी तक पकड़ में नहीं आ पाए हैं। वे पाकिस्तान से भारत में घुसपैठ कर आए थे। एक्स पर एक पोस्ट में, पुलिस ने चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए। इन्हें आखिरी बार जिले के ऊपरी इलाकों में मल्हार, बानी और सोजधर जंगलों के ढोक में देखा गया था।

**सूचना देने वालों को पुलिस देगी इनाम**

कठुआ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनायत अली ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि पुलिस ने चार आतंकवादियों का स्केच जारी किए हैं, जिन्हें आखिरी बार मल्हार, बानी और सियोजधार में देखा गया था। कठुआ पुलिस ने अपने पोस्ट में कहा, ... कार्रवाई योग्य सूचना के लिए प्रत्येक आतंकवादी पर 5 लाख का इनाम है।

### 2 दिन में ही खराब हो गया था 1.40 लाख का इलेक्ट्रिक स्कूटर, सर्विस सेंटर ने नहीं की सुनवाई

# नए स्कूटर की सही सर्विस नहीं मिलने पर फूंक डाला शोरूम





**बेंगलुरु।** ओला इलेक्ट्रिक को सर्विसिंग में लगातार मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कर्नाटक के कलबुर्गी में एक शख्स ने ओला के शोरूम में आग लगा दी। उसे अपनी नए इलेक्ट्रिक स्कूटर के लिए सही सर्विस नहीं मिल रही थी। ऐसे में परेशान होकर उसने पूरे शोरूम में ही आग लगा दी।

, जानकारी के मुताबिक मोहम्मद नदीम नाम के शख्स ने महीनेभर पहले ही 1.40 लाख रुपए का इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदा था, लेकिन एक-दो दिन बाद ही उसमें प्रॉब्लम आने लगी। वह कई बार शोरूम गया, लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। ऐसे में उसने गुस्से में आकर शोरूम को ही आग लगा दी। इस घटना के वीडियो सोशल मीडियो पर वायरल हो रहा है। पहले आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा था। हालांकि, आगजनी में नदीम की भूमिका सामने आने के बाद उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कर ली गई। साथ ही, पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया।

**6 गाड़ियां और कम्प्यूटर सिस्टम हो गए खाक**

रिपोर्ट के अनुसार, ये घटना 10 सितंबर की है। मोहम्मद नदीम अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर से परेशान थे। इसमें बार-बार खराबी आ रही थी। शोरूम वालों से कई बार शिकायत करने पर भी कोई मदद नहीं मिली।

शोरूम में ग्राहक सेवा अधिकारियों से कहासुनी की और पेट्रोल डालकर शोरूम में आग लगा दी। इस आग में 6 गाड़ियां और कम्प्यूटर सिस्टम जलकर खाक हो गया। नदीम पेशे से एक मैकेनिक हैं। उसने एक महीने पहले ही 1.4 लाख रुपए में इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदा थी। 2 दिन में ही गाड़ी में बैटरी और साउंड सिस्टम से टेक्निकल खराबी आने लगी थी।

**करीब 8.5 लाख रुपए का नुकसान**

आग लगने से पूरा शोरूम जलकर खाक हो गया। दुकान से धुएं के गुबार उठते देखे गए थे। इस घटना से लगभग 8.5 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुई, क्योंकि कथित तौर पर उस समय शोरूम बंद था। हालांकि, आग की वजह से करीब 8.5 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान बताया गया है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569